# हिन्दुस्तान

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

सोमवार

12 फरवरी 2024, माघ शुक्ल पक्ष, तृतीया, विक्रम सम्वत् 2080, लखनऊ

• पांच प्रदेश • 21 संस्करण

www.livehindustan.com


ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक बोले, आम चुनावों के लिए कंजर्वेटिव पार्टी तैयार है




VITEEE 2024

B.Tech. Admissions

APPLY NOW

VIT®
Vellore Institute of Technology
(Deemed to be University under section 3 of UGC Act, 1956)

Learn, Believe, Lead and be the

CHANGE

BECOME PART OF OUR GLOBAL COMMUNITY OF STUDENTS



NAAC A++ Grade IN THE 4TH CYCLE*
*Vellore & Chennai

THE Times Higher Education
World University Rank - 2024*
601-800

nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK
(MINISTRY OF EDUCATION, GOVERNMENT OF INDIA)
8TH* BEST UNIVERSITY
11TH* BEST IN RESEARCH
11TH* BEST IN ENGINEERING

QS WORLD UNIVERSITY RANKINGS ASIA | 2024
RANKED #163*

HIGHEST CTC
₹1.02 Cr.
HIGHEST CTC OFFERED FOR 2023 BATCH

OVERALL OFFERS#
14,565
#includes internships & placements of 2023 Batch

45 Diverse UG Engineering Programmes

• Aerospace • Biotechnology • Chemical Engineering • Civil Engineering • Computer Science and Engineering
• Electrical and Electronics Engineering • Electronics and Communication Engineering
• Fashion Technology • Mechanical Engineering

Option for minor/specialisation credentials in emerging areas

• AI • Machine Learning • Robotics • Data Science • Cyber Security • IoT *and more...*

www.vit.ac.in ugadmission@vit.ac.in
FOR ENQUIRIES +91-44-462 77 555
vituniversity VIT_univ VITUniversityVellore

VIT Vellore Institute of Technology VELLORE, CHENNAI
VIT-AP UNIVERSITY
VIT BHOPAL www.vitbhopal.ac.in

राजस्व परिषद ने जिलों की अदालतों को भेजा विस्तृत निर्देश

## राजस्व अदालतें अब लंबा स्थगनादेश नहीं दे सकेंगी

**पहल**



**03** तारीख से ज्यादा नहीं दी जा सकेंगी

- अड़ंगेबाजी वाले मामलों को खारिज किया जाएगा

**वाद की सुनवाई नहीं रोकी जाएगी**

वाद को किसी अन्य न्यायालय में स्थानांतरित करने के लिए आने वाले प्रार्थना पत्र पर वाद की सुनवाई नहीं रोकी जाएगी। कुछ वादों में पक्षकरों द्वारा न्यायालय के स्थगन आदेश प्रस्तुत करते हुए कार्यवाही लंबे समय तक के लिए रुकवाने की कोशिश की जाती है। नॉट प्रेस किए जाने की विधिक स्थिति पर भी विचार करना होगा। चकबंदी की कार्यवाही चलने या उसके न्यायालयों में चल रहे मामलों में आदेश पारित करने से पहले परीक्षण किया जाएगा कि उसका क्षेत्राधिकार है या नहीं। वादों को खारिज करते समय यह देखा जाएगा कि सभी पक्षों को नोटिस तामील हो गया है। अंतिम फैसला देते समय भी सभी तथ्यों को ध्यान में रखा जाएगा।

लखनऊ,विशेष संवाददाता। राजस्व मुकदमों को अब अधिक दिन तक नहीं खींचा जा सकेगा। राजस्व वाद में स्थगन आदेश भी लंबे समय तक नहीं दिया जा सकेगा। स्थगन देते वक्त यह बताना होगा कि इसे क्यों दिया जा रहा है और कितने समय के लिए दिया जा रहा है। कैवियेट भी पूरे तर्कों के साथ दाखिल करना होगा। अड़ंगेबाजी वाले मामलों को खारिज किया जाएगा।

राजस्व परिषद के आयुक्त एवं सचिव एसबीएस रंगाराव ने जिलाधिकारियों को इस संबंध में विस्तृत निर्देश भेजा है। इसमें कहा गया है कि राजस्व न्यायालयों में वाद, अपील, पुनरीक्षण अन्य कार्यवाही के लिए वाद और आवेदन दाखिल किए जाने के समय जरूरी तथ्यों को ध्यान में रखा जाएगा। स्थगन आदेश असीमित अवधि के लिए नहीं दिया जाएगा। वादी द्वारा अपेक्षित कार्यवाही पूरी करने में उदासीनता बरतने पर इसे निरस्त कर दिया जाएगा।

**तीन बार से ज्यादा नहीं दी जाएगी तारीखें:** निर्देश दिए गए हैं कि बार-बार तारीख दिए जाने से राजस्व वादों के समयबद्ध निस्तारण में रुकावट पैदा होती है। तीन बार से अधिक तारीख देने के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा। इससे अधिक तारीख देने के लिए उचित कारणों के साथ शपथ पत्र लिया जाएगा।

## पटरी दुकानदारों को 50 हजार तक का ऋण मिलेगा

लखनऊ। पटरी दुकानदारों को कारोबार बढ़ाने के लिए 50 हजार रुपये तक ऋण की व्यवस्था होगी। पीएम स्वनिधि योजना में यह लाभ दिया जाएगा। सूडा के निदेशक डा. अनिल कुमार ने बैंकों को इस काम में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत पटरी दुकानदारों को पहला ऋण 10000 रुपये, दूसरा 20000 और तीसरा ऋण 50000 रुपये देने की व्यवस्था है।

## आज जुटेंगे 29 राज्यों के अफसर

लखनऊ। अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट सोमवार से बाबू जगजीवनराम आरपीएफ अकादमी में शुरू होगी। उद्घाटन सोमवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए के महानिदेशक दिनकर गुप्ता तथा समापन 16 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी करेंगे। रविवार को आरडीएसओ कान्फ्रेंस हाल में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में आरपीएफ के महानिदेशक मनोज यादव ने कार्यक्रम की जानकारी दी।

## वोट शेयर बढ़ाने गांव चली भाजपा

**सरकार व संगठन के नेता गांव में प्रवास करेंगे**

1 सीएम योगी, प्रदेश अध्यक्ष सहित सरकार और संगठन के चेहरे करेंगे गांवों में प्रवास
2 प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र बोले प्रदेश के हर गांव-घर तक पहुंचेगा मोदी-योगी का संदेश
3 उपमुख्यमंत्री केशव अयोध्या तो पाठक ने बाराबंकी के गांवों में किया प्रवास
4 7 फरवरी से प्रारंभ अभियान के तहत प्रदेश में 47500 गांवों में जा चुके कार्यकर्ता

लखनऊ,विशेष संवाददाता। भाजपा की कोशिश इस चुनाव में अपना वोट शेयर बढ़ाकर 51 फीसदी के करीब करने की है। इस लक्ष्य को पाने के लिए पार्टी गांव-गांव जाएगी। गांव चलो अभियान के तहत पूरी पार्टी गांवों में डेरा डालेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित सरकार और संगठन के तमाम चेहरे गांवों में प्रवास करेंगे। संसद और विधानमंडल का सत्र चलने के कारण पार्टी को इस अभियान की तिथियों में बदलाव करना पड़ा है। अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता 24 घंटे गांव में बिताकर वहां के हर घर तक मोदी और योगी सरकार का संदेश पहुंचाएंगे।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने रविवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय में इस संबंध में मीडिया से बातचीत में विस्तार से जानकारी दी। वहीं प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। भूपेंद्र चौधरी ने बताया कि पार्टी द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के तहत प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक, पार्टी पदाधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्षों सहित सभी जनप्रतिनिधि गांवों में प्रवास करेंगे।

उन्होंने कहा कि 7 फरवरी से प्रारंभ हुए गांव चलो अभियान के तहत 10 फरवरी तक प्रदेश में 47500 गांवों में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पहुंच कर अभियान में सहभागिता की। प्रदेश के मुख्यमंत्री और वे स्वयं भी गांव चलो अभियान के तहत गांव में प्रवास करेंगे। जबकि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रानीमऊ गांव (अयोध्या) और ब्रजेश पाठक बघौरा गांव (बाराबंकी) में 11 फरवरी रविवार को प्रवास पर रहेंगे।

**1.72 लाख स्थानों पर प्रवास का लक्ष्य**

भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि गांव चलो अभियान के तहत प्रदेश में 172000 स्थानों पर प्रवास का लक्ष्य तय किया है। शहरी क्षेत्रों में वार्डों के अतिरिक्त 1000 तक की जनसंख्या वाले गांवों में एक कार्यकर्ता और उससे अधिक जनसंख्या वाले गांवों में दो या तीन कार्यकर्ता संगठन की योजनानुसार गांव में प्रवास करेंगे। उन्होंने बताया कि राजस्व गांवों में गांव चलो अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ता प्रवास पर रहेंगे।

**नड्डा आज मुजफ्फरनगर में:** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने बताया कि पार्टी के किसान मोर्चा द्वारा प्रदेश में गांव परिक्रमा का अभियान भी प्रारंभ किया जा रहा है। प्रदेश की 50 हजार ग्राम सभाओं में संपर्क के लक्ष्य के साथ प्रारंभ हो रहे ग्राम परिक्रमा अभियान का शुभारंभ सोमवार को पार्टी के राष्ट्रीय जगत प्रकाश नड्डा मुजफ्फरनगर के मोरना ब्लॉक शुक्रताल से शुरुआत करेंगे और जनचौपाल में भी सहभागिता करेंगे। रालोद के एनडीए के साथ आने के बाद भाजपा अध्यक्ष नड्डा का पश्चिमी यूपी का यह पहला कार्यक्रम है। सोमवार को ही रालोद के संस्थापक रहे और जयंत चौधरी के पिता चौधरी अजित सिंह की जयंती भी है।

**संगठन महामंत्री ने की अभियान की समीक्षा:** दूसरी ओर प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने गांव चलो अभियान को गति देने के लिए तैयारियों की समीक्षा की। अभियान की सफलता के लिए 4 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं को लगाया गया है।

**सियासत 30s**

### फरवरी में रिटायर हो जाएंगे मुकुल गोयल

लखनऊ। यूपी कैडर के वरिष्ठतम आईपीएस एवं प्रदेश के पूर्व डीजीपी मुकुल गोयल आगामी 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। वर्ष 1987 बैच के आईपीएस मुकल गोयल डीजीपी के पद से हटाए जाने के बाद 11 मई 2022 से डीजी नागरिक सुरक्षा के पद पर तैनात हैं।

### एएसपी समेत नौ पद अयोध्या के लिए सृजित

लखनऊ। शासन ने अयोध्या के लिए एक अपर पुलिस अधीक्षक यातायात-प्रोटोकॉल के साथ ही उनके सहयोग के लिए नौ सहवर्ती स्टाफ का पद सृजित किया है। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने रविवार को इस संबंध में शासनादेश जाारी किया।

### कर्मचारी ध्यानाकर्षण व धरना-प्रदर्शन करेंगे

लखनऊ। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को लखनऊ में हुई। परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी तथा महामंत्री अरुणा शुक्ला ने बताया कि चार मार्च से सरकार का ध्यानाकर्षण कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद धरना प्रदर्शन होगा।

### ग्राम न्यायालय के न्यायाधिकारी बने


लखनऊ। न्याय विभाग की तरफ से रविवार को जारी शासनादेश के अनुसार अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) देवरिया सक्षम शेखर को सलेमपुर और सिविल जज (जूनियर डिवीजन) कौशाम्बी हेमेंद्र सिंह को चायल ग्राम न्यायालय के लिए न्यायाधिकारी नियुक्त किया गया है।

### कैलाश मानसरोवर के लिए चले अभियान

लखनऊ। समाजवादी चिंतक दीपक मिश्र लिखित भारत की नेपाल को पाती का विमोचन करते हुए सपा महासचिव शिवपाल यादव ने कहा कि भारत व नेपाल की आत्मा एक है। मानसरोवर और कैलाश पर चीन का कब्जा है जो हमें बर्दाश्त नहीं है। इसके लिए अभियान चले।

## सपा से राज्यसभा के लिए जया, आलोक रंजन दौड़ में






लखनऊ,विशेष संवाददाता। राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि ज्यों-ज्यों नजदीक आती जा रही है, वैसे-वैसे उम्मीदवारों के नाम की चर्चाएं तेज होती जा रही हैं। राज्यसभा की 10 सीटों के लिए होने वाले चुनाव में समाजवादी पार्टी मौजूदा संख्या बल के दम पर दो सीटें आसानी से जीत सकती है। तीसरी सीट के लिए उसके पास कांग्रेस के साथ देने के बाद भी एक वोट कम पड़ रहा है। सपा से जया बच्चन के साथ आलोक रंजन के नाम की चर्चाएं काफी तेज हैं।

समाजवादी पार्टी की एक सदस्य जया बच्चन और भाजपा के नौ सदस्यों का कार्यकाल दो अप्रैल 2024 को समाप्त हो रहा है। सपा के पास अपना कुल 108 वोट है। इंडिया गठबंधन के कांग्रेस का दो वोट है। एक सीट के लिए 37 वोट की जरूरत बताई जा रही है। इसे मिला कर कुल 110 वोट हो रहे हैं। तीन सीटों के लिए 111 वोट की जरूरत होगी। रालोद के साथ रहते सपा आसानी से तीन सीटें जीत लेती, लेकिन अब इसमें पेंच है। सपा इसके आधार पर उम्मीदवारों को उतारने की तैयारी कर रही है। पार्टी सूत्रों की मानें तो जया बच्चन को रिपीट करने की तैयारी है। इसके अलावा अन्य नामों में सलीम शेरवानी, पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन, बलराम यादव के नामों पर चर्चा चल रही है।

## फ्लैटों के लिए सुरक्षा मानक कड़े होंगे

**नियम**

- शैलेंद्र श्रीवास्तव



- सुरक्षा के लिए प्रमाणपत्र लेना अनिवार्य किया गया


लखनऊ। राज्य सरकार अपार्टमेंट में फ्लैट लेने वालों के लिए सुरक्षा के इंतजाम को और पुख्ता कराने जा रही है। मानक पूरा किए बिना अब बिल्डर फ्लैटों पर कब्जा नहीं दे पाएंगे। इतना ही नहीं संबंधित विकास प्राधिकरणों से सुरक्षा संबंधी सभी जरूरी अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) खासकर स्ट्रक्चरल व फायर सेफ्टी प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

आवंटियों की समस्याओं के समाधान के लिए पूर्व सीईओ नीति आयोग अमिताभ कांत की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया था। समिति के सुझाव के आधार पर सुधारात्मक उपाय किए जाने हैं। इसका मकसद आवंटियों को तय समय पर मकानों और फ्लैटों पर कब्जा दिलाने के साथ उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। अमिताभ कांत की समिति ने राज्य सरकार को दी रिपोर्ट में आवंटियों को तय समय पर फ्लैटों पर कब्जा दिलाने, अपार्टमेंट में सुरक्षा के सभी जरूरी उपाय करने, बिल्डरों की मनमानी पर रोक लगाने और बिल्डरों के हितों की रक्षा के लिए जरूरी सुझाव दिए गए हैं।

राज्य सरकार इसके आधार पर आवंटियों का हित सुरक्षित करने जा रही है। इस रिपोर्ट के जरूरी सुझावों पर अमल करते हुए इसे लागू किया जाएगा। जरूरत के आधार पर प्रभावी मौजूदा नीतियों में संशोधन किया जाएगा और विकास प्राधिकरणों को दिशा-निर्देश जारी किया जाएगा। समिति के सुझाव के मुताबिक निर्मित अपार्टमेंट के लिए स्ट्रक्चरल सेफ्टी, फायर सेफ्टी के साथ अन्य जरूरी सुरक्षात्मक उपाय संबंधी एनओसी लेना अनिवार्य होगा। यह एनओसी मौका मुआयना करने के बाद ही बिल्डरों को दिया जाएगा, जिससे आवंटियों के लिए वहां रहना खतरनाक न हो।

इसके साथ ही समय-समय पर सुरक्षा उपायों का परीक्षण किया जाता रहेगा, जिससे किसी तरह की होने वाली कमी को समय रहते दूर किया जा सके। बिल्डरों को भवन विकास उपविधि का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा। तय मानक के मुताबिक फ्लैटों का निर्माण कराना होगा। इसमें सेटबैक, पार्किंग के लिए स्थान और खुल स्थान तय मानक के अनुसार छोड़ना होगा। बाहर से आने वालों के लिए अलग से पार्किंग स्थान आरक्षित करना होगा

## पश्चिमी यूपी छोड़ बुंदेलखंड से गुजरेगी राहुल की यात्रा



राहुल की यात्रा के लिए नए रूट की तैयारियों में जुटी कांग्रेस


लखनऊ,प्रमुख संवाददाता। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रूट में किया गया बदलाव सियासी नजरिए से देखा जा रहा है। हालांकि पार्टी 22 फरवरी से शुरू होने वाली यूपी बोर्ड परीक्षा को इसकी वजह बताया जा रहा है। यह यात्रा पश्चिमी यूपी से होकर राजस्थान में प्रवेश करने के बजाए अब बुंदेलखंड होकर मध्य प्रदेश में प्रवेश करेगी।

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता ने कहा कि यूपी बोर्ड परीक्षाओं के कारण यात्रा की अवधि कम की गई है। हालांकि माना जा रहा है कि पश्चिमी यूपी में रालोद के 'इंडिया' गठबंधन से अलग हो जाने की वजह से रूट में बदलाव किया गया है। यह यात्रा अब 16 फरवरी से 21 फरवरी तक यूपी में रहेगी। पहले यह यात्रा 14 फरवरी को ही चंदौली से यूपी में प्रवेश करने वाली थी और 11 दिनों में 20 जिलों का सफर तय करते हुए आगरा के रास्ते राजस्थान की सीमा में प्रवेश करने वाली थी। सूत्रों के अनुसार, संशोधित कार्यक्रम में यह यात्रा अब लखनऊ से उन्नाव, कानपुर व हमीरपुर होते हुए झांसी के रास्ते 21 फरवरी को मध्य प्रदेश की सीमा में प्रवेश कर जाएगी। अब यह यात्रा 19 फरवरी को अमेठी पहुंचेगी।

UTTAR PRADESH TOURISM

# Expression of Interest

From Interested bidders for
**Adaptive Reuse of the 16 Heritage Properties in Uttar Pradesh**



Tehrauli Fort, Jhansi

- Tehrauli Fort, Jhansi
- Digara Fort, Jhansi
- Balbehat Fort, Lalitpur
- Saurai Fort, Lalitpur
- Wazirganj ki Baradari Gonda
- Akbar ki Sikargah, Kirawali, Agra
- Champat Rai Palace Jhansi
- Mastani Mahal, Mahoba
- Salat Fort, Mahoba
- Lake Palace Talkothi Mahoba
- Royal Theatre, Mahoba
- Rangarh Fort, Banda
- Madawara Fort, Lalitpur
- Machchi Bhawan, Rampur
- Toshakhana, Rampur.
- Rajkiye Raza University Rampur.

Directorate of Tourism (DoT), Government of Uttar Pradesh, invites **Expression of Interest (EoI)** for selection of agency for **Adaptive Reuse of the Heritage Properties in Uttar Pradesh (Phase-II)** on PPP (Public Private Partnership) DBFOT (Design, Built, Finance, Operate & Transfer) mode.

- Interested parties may download bid document from e-tender website http://etender.up.nic.in and also from Department of Tourism official website http/uptourism.gov.in from 11th February 2024
- Pre bid meeting will be held online on 19th February 2024 16:00 Hrs. For join the meeting the link is as under:
- Video call link: https://meet.google.com/pxh-cxnt-tvg
- Expression of Interest [EoI] can be submitted online on or before 14:00 PM by 28th February 2024, on the website http://etender.up.nic.in. Amendments to this Notice Inviting Tender (NIT), if any, would be published on the website http://etender.up.nic.in and uptourism.gov.in.
- The issue of this Expression of Interest (EoI) does not imply that the DoT is bound to select an agency or appoint the selected developer as the case may be, for adaptive reuse of the Heritage property and DoT reserves the right to reject all or any of the applications/bids without assigning any reasons whatsoever.

For inquiry : Directorate of Tourism - Government of Uttar Pradesh
E-mail : pmu.uptourism@gmail.com
Mobile : +91-9415000534/+91 8974035350 or +91-9182465664
Office visit at : Directorate of Tourism Government of Uttar Pradesh Paryatan Bhawan, C-13, Vipin Khand, Gomti Nagar, Lucknow– 226010, Uttar Pradesh

For more information visit: etender.up.nic.in

## वित्त राज्यमंत्री से मिले सर्वेयर

लखनऊ। बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीए) की ओर से नो सर्वे लिमिट को दो लाख रुपये से लेकर पांच लाख रुपये तक बढ़ाने के प्रस्ताव को लेकर इंस्टीट्यूट ऑफ इंश्योरेंस एंड लॉस एसेसर्स (इसला) के सदस्य विरोध में उतर आए हैं।

इनके एक प्रतिनिधिमंडल ने इसला के पूर्व निदेशक विपिन कुमार शुक्ला के नेतृत्व में केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री बैंकिंग और बीमा डॉक्टर भागवत कराड से मुलाकात की। मंत्री ने आईआरडीए के चेयरमैन से बात करने का आश्वासन दिया है।

## सीटों के लिए कांग्रेस का दबाव बढ़ा

- सपा से कांग्रेस ने 20 लोकसभा सीटें मांगी
- दावा: कांग्रेस ने सपा को सीटों के नाम भी बताए

लखनऊ,प्रमुख संवाददाता। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के 'इंडिया' गठबंधन से छिटकने के बाद यूपी में कांग्रेस और सपा के बीच सीटों के बंटवारे का समीकरण भी बदल गया है। कांग्रेस ने अब ज्यादा सीटों के लिए दबाव बढ़ा दिया है। उसने अब कुछ ऐसी सीटें भी मांगी हैं, जहां से सपा अपने प्रत्याशी घोषित कर चुकी है।

सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस यूपी की 80 लोकसभा सीटों में से कम से कम 20 सीटें चाहती है, जबकि सपा ने अभी तक उसके लिए केवल 11 सीटें छोड़ने का एलान किया है। दावा यह भी है कि कांग्रेस के एक महत्वपूर्ण पदाधिकारी की तरफ से सपा प्रमुख अखिलेश यादव के पास 20 लोकसभा सीटों के नाम भी भेज दिए गए हैं। इसे संशोधित सूची बताया जा रहा है, क्योंकि इसमें कांग्रेस ने कुछ नई लोकसभा सीटों के नाम जोड़ दिए हैं। पहले की परिस्थितियों में सपा अपने एक अन्य सहयोगी रालोद को सात सीटें देने को तैयार थी। रालोद अब भाजपा की अगुवाई वाले गठबंधन 'एनडीए' जाने की अपनी मंशा का खुला इजहार कर चुकी है। ऐसे में अब पश्चिमी यूपी की सात सीटों पर भी कांग्रेस या सपा के प्रत्याशी ही मैदान में होंगे।

सीटों के बंटवारे पर बातचीत के लिए दोनों दलों ने एक कमेटी बना रखी है। इस बीच 16 फरवरी को राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा यूपी पहुंचने वाली है। इस यात्रा के दौरान अमेठी या रायबरेली में होने वाली किसी एक सभा में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के भी शामिल होने की संभावना है। यह एक तरह से गठबंधन का खुला ऐलान होगा।

## अयोध्या में राम के लिए दौड़ेंगे देश भर के धावक

- 10 मार्च को 'रन फॉर राम' का आयोजन
- 27 लाख रुपये के नगद पुरस्कार दिए जाएंगे

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दूसरा सबसे बड़ा इवेंट 10 मार्च को होने जा रहा है। इसमें देश भर के लोग राम के लिए दौड़ लगाने के लिए अयोध्या में जमा होने जा रहे हैं।

क्रीड़ा भारतीय अयोध्या में 'रन फॉर राम' का आयोजन करने जा रहा है। इसमें 27 लाख रुपये की नगद इनामी राशि दांव पर होगी। यह भारतीय मैराथन में सर्वाधिक पुरस्कार राशि है। 'रन फॉर राम' के लिए पंजीकरण शुरू हो गया है। इसकी वेबसाइट और ऑन पंजीकरण की शुरुआत दिल्ली में केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कर दी है। इसका लोगो भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य पीटी ऊषा ने जारी किया है। उत्तर प्रदेश क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष एमएलसी इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि यह दौड़ देश की सबसे बड़ी होगी। इसमें करीब 16000 धावकों के हिस्सा लेने की संभावना है।

## सोशल मीडिया कॉन्क्लेव से होगी महाकुंभ की ब्रांडिंग

- पर्यटन विभाग ने तैयार किया रोड मैप
- सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के साथ शुरु हुई तैयारी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। योगी सरकार प्रयागराज में अगले साल होने वाले महाकुंभ की ग्लोबल ब्रांडिंग करने और उसे समावेशी रूप देने के लिए बड़े फैसले ले रही है। सरकार महाकुंभ से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए सरकारी एजेंसियों के साथ गैर-सरकारी एजेंसियों का भी सहयोगी लेगी। इसके लिए सोशल मीडिया कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा।

**महाकुम्भ से पहले समावेशी महाकुम्भ का आयोजन:** महाकुम्भ के आयोजन में अभी तक सरकारी एजेंसियों के विचार ही समाहित होते थे लेकिन अब योगी सरकार इससे एक कदम आगे जाकर गैर सरकारी एजेंसियों को भी इसमें शामिल करना चाहती है। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि पर्यटन विभाग अधिक से अधिक लोगों को महाकुम्भ से जोड़ना चाहता है। इसके लिए एक प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।

**तैयारी** | केंद्र से यूपी को मनरेगा के लिए 2024-25 में पहली ही बार में 33 करोड़ मानव दिवस मिले हैं

## मनरेगा में अब मिलेगा भरपूर काम का मौका

- हेमंत श्रीवास्तव



**21** करोड़ मानव दिवस वर्ष 2023-24 में पहली बार आवंटन में मिले

- बाद में ये मानव दिवस बढ़कर 31 करोड़ तक पहुंच गए थे

लखनऊ। एक अप्रैल से ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के तहत ग्रामीणों को रोजगार से जुड़ने का भरपूर मौका मिलेगा। केंद्र सरकार ने मनरेगा के तहत 2024-25 में यूपी को 33 करोड़ मानव दिवस आवंटित कर दिए हैं। चालू वित्तीय 2023-24 में यूपी के लिए मानव दिवस सृजन का आवंटन 21 करोड़ था, जो धीरे-धीरे बढ़ कर 31 करोड़ तक पहुंचा है।

**और मानव दिवस मिलने के आसार:** ग्राम्य विकास विभाग के विशेष सचिव सुखलाल भारती व उपायुक्त मनरेगा हरिशचंद्र के मुताबिक, चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में बजट आवंटन के समय यूपी को 21 करोड़ मानव दिवस पर काम कराए जाने का लक्ष्य हासिल हुआ था। जैसे-जैसे राज्य में मनरेगा के तहत काम कराने की गति बढ़ी केंद्र सरकार ने और मानव दिवस यूपी को आवंटित किए। यह आवंटन 31 करोड़ मानव दिवस तक पहुंच गया है। अभी डेढ़ महीने से अधिक इस वित्तीय वर्ष में शेष है, उम्मीद की जा रही है कि भारत सरकार यूपी को आवंटित मानव दिवस की संख्या में फिर से इजाफा कर सकती है।

सुखलाल भारती के मुताबिक नए वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवंटित 33 करोड़ मानव दिवस से मजदूरों को काम देने का काम एक अप्रैल से ही युद्धस्तर पर शुरू करा दिया जाएगा। उम्मीद है कि इस लक्ष्य को पूरा करने के बाद केंद्र सरकार पूर्व के वर्षों की तरह यूपी के लिए अतिरिक्त मानव दिवस का सृजन भी करेगी। ऐसा होने पर यह संख्या 36 करोड़ मानव दिवस तक जा सकती है।

**कोरोना वर्ष में बना था रिकार्ड:** कोरोना काल से ग्रामीण क्षेत्रों में खेती-बाड़ी से जुड़े रहते हुए खाली समय में मनरेगा के तहत रोजगार से जुड़ने का ग्राफ तेजी से बढ़ा। कोरोना 2020-21 में जब पूरे देश से मजदूर वापस घरों को लौटे उस समय दौर में 39.45 करोड़ मानव दिवस पर मजदूरों ने रिकार्ड काम किया। मनरेगा के तहत खूब काम दिया गया। मनरेगा का असर फीका पड़ने के बाद मजदूर वापस अपने कामधंधे पर महानगरों को रवाना हुए तब भी 2021-22 में 32.56 करोड़ मानव दिवस पर मजदूरों ने काम किया था।

www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

सोमवार
12 फरवरी 2024, माघ शुक्ल पक्ष, तृतीया, विक्रम सम्वत् 2080, लखनऊ

अयोध्या संस्करण, वर्ष 29, अंक 36, 16 पेज, मूल्य ₹ 7.00 • पांच प्रदेश • 21 संस्करण

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक बोले, आम चुनावों के लिए कंजर्वेटिव पार्टी तैयार है P-13






मंत्री और विधायक बसों से अयोध्या पहुंचे, मुख्यमंत्री के साथ की रामलला की पूजा-अर्चना


# राम के दरबार में योगी सरकार



**अयोध्या में दर्शन**

**अयोध्या, वसं।** अयोध्या में श्रीराममंदिर में रविवार को योगी सरकार ने रामलला के दर्शन किए। मंत्रियों और विधायकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मंदिर में पूजा-अर्चना की।

परिवहन निगम की लग्जरी बसों में सवार सभी विधायक दोपहर 12:36 बजे अयोध्या पहुंचे। इस दौरान लोगों ने बसों पर फूलों की वर्षा की। गेट नंबर 11 से सभी दस बसें अंदर पहुंचीं। लगभग डेढ़ घंटे दर्शन पूजन के बाद विधायक-मंत्री बाहर निकले। खास बात ये रही कि सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्षी दलों के विधायक भी इस खास मौके पर मौजूद रहे। सीएम और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के आग्रह पर विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, यूपी सरकार के विधायक मंत्री समेत आरएलडी, बसपा और कांग्रेस के भी विधायक शामिल हुए। ➤दर्शन का सौभाग्य P07





अयोध्या में रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ विधायकों और मंत्रियों ने रामलला के दर्शन किए। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना भी मौजूद रहे।

**10** बसों से विधायक और मंत्री अयोध्या में दर्शन को पहुंचे

**1.5** घंटे मंदिर में किया दर्शन-पूजन, मिलकर भजन गाए

### आम श्रद्धालुओं की सुविधा का सीएम ने खुद रखा ध्यान

मुख्यमंत्री और विधायकों के रामलला के दर्शन के दौरान आम श्रद्धालुओं का दर्शन अनवरत जारी रहा। मुख्यमंत्री खुद वहां ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को निर्देश देते रहे कि आम श्रद्धालुओं को दर्शन करने में कोई परेशानी न हो।

### भक्ति और शक्ति से टूटतीं गुलामी की बेड़ियां : सीएम

**पुणे, हिटी।** महाराष्ट्र भक्ति और शक्ति की भूमि रही है। जब-जब भक्ति और शक्ति का मिलन होता है, गुलामी की दास्तान से मुक्ति मिलती है। ये बातें सीएम योगी ने पुणे में श्रीगीता भक्ति अमृत महोत्सव में कही। ➤ब्योरा P07

“ भाव विहल हूं, भावुक हूं, समर्पित हूं, भगवान के चरणों में। सौभाग्य की बात है कि आज रामलला के प्रत्यक्ष रूप से दर्शन करने का सौभाग्य हम सभी को प्राप्त हुआ है।

**सतीश महाना,** विधानसभा अध्यक्ष

# यूपी से सुधांशु त्रिवेदी आरपीएन सिंह समेत सात राज्यसभा जाएंगे

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी ने यूपी कोटे की राज्यसभा सीटों के लिए रविवार को सात उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। मौजूदा राज्यसभा सांसदों में से सिर्फ पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी को ही रिपीट किया गया है। केंद्रीय चुनाव समिति की हरी झंडी के बाद पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी। सूची में कांग्रेस से आए आरपीएन सिंह के अलावा पार्टी के प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य का नाम भी शामिल है। प्रत्याशियों की घोषणा में पार्टी ने अपने ओबीसी एजेंडे को आगे बढ़ाया है।

भाजपा ने जिन सात उम्मीदवारों की घोषणा की उनमें सुधांशु त्रिवेदी, आरपीएन सिंह, अमरपाल मौर्य, चौधरी तेजवीर सिंह, साधना सिंह, डा. संगीता बलवंत और नवीन जैन शामिल है। पश्चिमी यूपी से जहां मथुरा के पूर्व सांसद और पीसीएफ के चेयरमैन रहे चौधरी तेजवीर के जरिए जाटों को साधने का प्रयास किया गया है। वहीं आगरा के पूर्व मेयर नवीन जैन को प्रत्याशी बनाकर पार्टी ने चौंकाया है। कुशीनगर के आरपीएन सिंह, मुगलसराय की पूर्व विधायक साधना सिंह और राज्यमंत्री रहीं डा. संगीता बलवंत के जरिए पूर्वांचल को प्रतिनिधित्व मिला है। वहीं अवध से सुधांशु त्रिवेदी और प्रतापगढ़ निवासी प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य के जरिए भी सामाजिक समीकरण साधे हैं। ➤कुल 14 उम्मीदवार उतारे P13



सुधांशु त्रिवेदी



आरपीएन सिंह

### 37 वोट की जरूरत

घोषित प्रत्याशियों में एक ब्राह्मण, एक ठाकुर, एक जैन और चार ओबीसी शामिल हैं। बता दें कि एक राज्यसभा सीट जीतने के लिए 37 वोट की जरूरत होगी और पार्टी के पास सात सीटें जीतने का संख्याबल है।

## प्रमुख पांच

**भाजपा 370 सीट का आंकड़ा पार करेगी**
1 प्रधानमंत्री ने कहा, भाजपा लोस चुनाव में 370 सीट का आंकड़ा पार करेगी। P10

**पद्मश्री उषा किरण खान का पटना में निधन**
2 पद्मश्री उषा किरण खान का पटना में हृदयाघात से निधन। वह 80 वर्ष की थीं। P10

**गोल्ड बॉन्ड आज से खरीद सकेंगे**
3 सरकारी स्वर्ण बॉन्ड में 12 से 16 फरवरी तक निवेशक निवेश कर सकेंगे। P11

**पाक चुनाव के नतीजों को अदालत में चुनौती**
4 पाकिस्तान चुनाव के नतीजों में धांधली को लेकर पीटीआई अदालत पहुंची। P13

**मंगल ग्रह पर 10 लाख लोगों को बसाएंगे मस्क**
5 अरबपति एलन मस्क ने दस लाख लोगों को मंगल ग्रह भेजने की घोषणा की। P14

## आस्ट्रेलिया ने जीता अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया ने अंडर-19 वर्ल्ड कप रविवार को जीत हासिल कर ली है। बेनोनी में खेले गए फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 79 रनों से शिकस्त दी। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 254 रन का लक्ष्य दिया था लेकिन टीम इंडिया 174 रनों पर ही सिमट गई। भारत की तरफ से सबसे ज्यादा 47 रन आदर्श सिंह और 41 रन मुरुगन ने बनाए। यह पहली बार है जब अंडर-19 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया ने शिकस्त दी। पहले हुई भिड़ंत में भारत की जीत हुई है।
➤कंगारुओं ने तोड़ा दिल P12

# केंद्रीय बलों के लिए 13 भाषाओं में परीक्षा

**बदलाव**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीआरपीएफ, बीएसएफ और सीआईएसएफ जैसे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में कांस्टेबल भर्ती परीक्षा इस बार हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित की जाएगी। परीक्षा 20 फरवरी से 7 मार्च तक होगी। देश भर के 128 शहरों में लगभग 48 लाख उम्मीदवार परीक्षा में भाग लेंगे।

**ऐतिहासिक निर्णय लिया गया:** केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) में स्थानीय युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए गृह मंत्री की पहल पर यह ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है।

**इन भाषाओं में होगी परीक्षा:** हिंदी और अंग्रेजी के अलावा, प्रश्न पत्र अब असमिया, बंगाली, गुजराती, मराठी, मलयालम, कन्नड़, तमिल, तेलुगु, उड़िया, उर्दू, पंजाबी, मणिपुरी और कोंकणी भाषा में होंगे। कांस्टेबल परीक्षा कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) द्वारा आयोजित प्रमुख भर्ती परीक्षाओं में से एक है। इसमें हर साल लाखों युवा भाग लेते हैं।

**20** से 7 मार्च तक होगा परीक्षा का आयोजन

- देश भर के 128 शहरों में 48 लाख से ज्यादा उम्मीदवार परीक्षा में भाग लेंगे
- क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए गृह मंत्री की पहल

“ सीएपीएफ में भर्ती के लिए कांस्टेबल (जीडी) परीक्षा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में कराया जाना ऐतिहासिक कदम है। यह पीएम मोदी को दृष्टिकोण को साकार करेगा। मैं अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

**अमित शाह,** केंद्रीय गृह मंत्री

# ट्रायल कोर्ट को न कहा जाए निचली अदालत: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने अपनी रजिस्ट्री से कहा कि वह ट्रायल कोर्ट को निचली अदालत कहना बंद करे। शीर्ष अदालत ने कहा कि ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड को भी निचली अदालत का रिकॉर्ड नहीं कहा जाना चाहिए।

पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली दो व्यक्तियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। हाईकोर्ट ने 1981 के हत्या के एक मामले में उन्हें दोषी ठहराए जाने और आजीवन कारावास की सजा के खिलाफ उनकी याचिका खारिज कर दी थी।

**टीसीआर के रूप में संदर्भित किया जाए :** पीठ ने आठ फरवरी को पारित अपने आदेश में कहा, यह उचित होगा यदि इस न्यायालय की रजिस्ट्री ट्रायल कोर्ट को निचली अदालत के रूप में संदर्भित करना बंद कर दे।

ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड को निचली अदालत का रिकॉर्ड (एलसीआर) भी नहीं कहा जाना चाहिए। इसे ट्रायल कोर्ट रिकॉर्ड (टीसीआर) के रूप में संदर्भित किया जाना चाहिए। रजिस्ट्रार (न्यायिक) इस आदेश का संज्ञान लें।

- निचली अदालत का रिकॉर्ड संदर्भित नहीं करने को कहा
- रजिस्ट्रार (न्यायिक) इस आदेश का संज्ञान लें: कोर्ट

# हल्द्वानी हिंसा: केंद्रीय बलों के साये में होगी शिनाख्त

**देहरादून, मुख्य संवाददाता।** हल्द्वानी के कर्फ्यूग्रस्त वनभूलपुरा क्षेत्र में केंद्रीय सुरक्षा बलों की मौजूदगी में उपद्रव के आरोपियों की शिनाख्त के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा। केंद्र सरकार की ओर से इसके लिए अर्द्धसैनिक बलों की चार अतिरिक्त कंपनियां उपलब्ध करा दी गई हैं।

आठ फरवरी के बवाल के बाद वनभूलपुरा में फिलहाल स्थितियां शांत बनी हुई हैं। क्षेत्र में अभी कर्फ्यू के चलते काफी हद तक स्थिति नियंत्रण में बनी हुई है। अब प्रशासन का मुख्य फोकस आरोपियों की धरपकड़ पर है। इसके बाद दी यहां प्रतिबंध सामान्य होने की उम्मीद है। इससे पहले शासन केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों की मौजूदगी में अभियान चलाने की तैयारी कर रहा है। सचिव गृह शैलेश बगोली के मुताबिक अब स्थितियां पूरी तरह नियंत्रण में है, स्थितियों पर पूरी तरह नजर रखी जा रही है। स्थानीय पुलिस की सहयोग के लिए पर्याप्त संख्या में केंद्रीय बल भी उपलब्ध हो गया है।

### उपद्रवियों को सलाखों के पीछे भेजेंगे : सीएम धामी

**लोहाघाट, संवाददाता।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हल्द्वानी के वनभूलपुरा में हिंसा करने वाले एक-एक उपद्रवी को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। ➤ब्योरा P13

**कुछ अलग** | टोरंटो विश्वविद्यालय में युवाओं पर 15 साल तक चले शोध के बाद दावा किया गया

# तीन साल धूम्रपान छोड़ें, छह वर्ष और जिएंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** धूम्रपान करने वाले धूम्रपान न करने वालों के मुकाबले औसतन 13 साल कम जीते हैं। ऐसे लोगों के 40 से 79 वर्ष की उम्र में मरने का खतरा तीन गुना अधिक है। टोरंटो विश्वविद्यालय में 15 साल तक चले शोध के बाद यह दावा किया गया है। शोध के अनुसार, तीन वर्ष तक धूम्रपान छोड़ने पर छह साल तक उम्र बढ़ सकती है।

यह अध्ययन रिसर्च जर्नल एनईजेडएम एविडेंस में प्रकाशित हुआ है। शोध अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और नॉर्वे के 15 लाख युवाओं पर किया गया। इन युवाओं पर 15 सालों तक नजर रखी गई। इस दौरान 1.22 लाख युवाओं की मौत हो गई। शोध में शामिल लाना स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ एंड टेमर्टी फैकल्टी ऑफ मेडिसिन के प्रो. प्रभात झा ने कहा, किसी भी उम्र में धूम्रपान छोड़ने से लाभ होता है। 40 की उम्र से पहले धूम्रपान छोड़ने वाला लगभग उतने ही समय जीवित रहेगा, जितना धूम्रपान न करने वाला।




### एक अरब करते हैं धूम्रपान

- दुनियाभर में अभी एक अरब से अधिक लोग धूम्रपान करते हैं
- भारत में 7.48 करोड़ लोग धूम्रपान करते हैं। इनमें 6.90 करोड़ से अधिक पुरुष हैं
- भारत 2025 तक तंबाकू के प्रयोग में 30% तक कमी लाने की राह पर है

### कम हो जाता है खतरा

धूम्रपान छोड़ने से कैंसर सहित कई बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। प्रो. प्रभात झा ने कहा कि बहुत से लोग सोचते हैं कि धूम्रपान छोड़ने के लिए बहुत देर हो चुकी है, मगर ऐसा कर आप प्रमुख बीमारियों का खतरा कम कर सकते हैं।



कामदगिरि पीठाधीश्वर स्वामी राम स्वरुपाचार्य महाराज ने रामकथा के पहले दिन तीर्थ की महिमा का किया वर्णन

# नौ दिवसीय श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ


दिव्यधाम में राम

- गणपति पूजन व पंचांग पूजन के साथ मंडप प्रवेश व कलश स्थापना
- महायज्ञ से पूर्व श्रीरामचरितमानस समेत विविध ग्रंथों के पारायण


रविवार को निकली रामलला को समर्पित रजत पालकी के साथ स्वर्ण प्रभावली

**अयोध्या, संवाददाता।** रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में यज्ञ सम्राट ब्रह्मलीन संत कनकबिहारी दास महाराज के संकल्प पूर्ति को लेकर मध्य प्रदेश के रघुवंशी समाज की ओर से आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम महायज्ञ का रविवार को विधिवत शुभारम्भ हो गया। इसके पहले यज्ञकुंड में अग्नि देव का प्राकट्य अरणि मंथन से हुआ और श्रीराम नाम मंत्र से आहुतियां देने का क्रम शुरू हो गया। एक दिन पूर्व कलश यात्रा के उपरांत गणपति पूजन -पंचांग पूजन व मंडप प्रवेश के साथ कलश स्थापना की विधि पूर्ण की गयी थी।

**2,121 यजमान महायज्ञ में शामिल हुए:** महायज्ञ के शुभारम्भ के साथ श्रीरामचरितमानस व अन्य ग्रंथों का पारायण का भी क्रम शुरू हो गया। वहीं दूसरे सत्र में कामदगिरि पीठाधीश्वर स्वामी राम स्वरुपाचार्य महाराज ने रामकथा की रसवर्षा करते हुए अयोध्या तीर्थ की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि अवध धाम धामाधिपति अवतारन पति राम, सकल सिद्धि प्रद जानकी, शासन पति हनुमान। इसके पहले 2121 से कुंडी श्री राम महायज्ञ में प्रधान बेदी पर मुख्य यजमान मुनिराज पटेल ने पत्नी सहित हवन शुरू किया।

काशी के यज्ञाचार्य डा. प्रेम नारायण शास्त्री ने मंत्रों द्वारा यज्ञ के अधिष्ठात्री देवी देवताओं का आह्वान किया। महायज्ञ आयोजन समिति के सहयोगी आचार्य देवमुरारी बापू ने कहा यज्ञ से उठने वाला पवित्र धुंए से वातावरण शुद्ध होता है। देवताओं की प्रसन्नता का इससे अच्छा और कोई साधन नहीं है। यज्ञ साक्षात भगवान विष्णु का स्वरूप होता है।

प्रमुख रूप से मध्य प्रदेश से पहुंचे यजमानों में चक्र पाल सिंह, प्रधान यजमान मुनिराज पटेल, कपिल सिंह रघुवंशी, दान सिंह रघुवंशी, आदि 2121 यजमान जोड़ों ने एक साथ अनुष्ठान में शामिल हुए।

# गुप्त नवरात्र में शक्ति उपासना का विशेष अनुष्ठान आरंभ

**अयोध्या।** माघ शुक्ल प्रतिपदा से गुप्त नवरात्र का शुभारम्भ हो गया है। चैत्र नवरात्र व शारदीय नवरात्र की तरह माघ मास व आषाढ़ मास में दो अलग-अलग नवरात्र होते हैं। इस नवरात्र के अवसर पर शनिवार से श्रीरामजन्म भूमि में शक्ति उपासना का क्रम भी शुरू हो गया है। इस बीच रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के दूसरे दिन से शुरू हुए 48 दिवसीय मंडल पूजन के 18 दिन पूरे हो गये है। वहीं अभी यह अनुष्ठान अगले 30 दिनों यानि दस मार्च तक अनवरत जारी रहेगा। इस अनुष्ठान में हर दिन भगवान की पालकी यात्रा भी निकाली जाती है। इसके लिए भक्तों ने चांदी पालकी रामलला को अर्पित की है।

इसकी जानकारी श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र न्यासी व पेजावर मठ पीठाधीश्वर जगद्गुरु माध्वाचार्य स्वामी विश्व प्रसन्न तीर्थ महाराज ने देते हुए बताया कि दक्षिण भारतीय श्रद्धालुओं ने रजत पालकी के अलावा स्वर्ण प्रभावली भी भेंट की है। उन्होंने बताया कि यहां चल रहे अनुष्ठान में कलशाभिमंत्रण के उपरांत भगवान का अभिषेक कर पूजन किया जाता है। पुनः मंदिर के गर्भगृह में भगवान का न्यास किया जाता है।

### प्रभु के मुखोल्लास के लिए पालकी यात्रा का आयोजन

पेजावर मठ पीठाधीश्वर जगद्गुरु माध्वाचार्य स्वामी विश्व प्रसन्न तीर्थ महाराज ने बताया कि भक्तों का ध्येय व गये परमात्मा का आनंद ही है। भक्त गण भगवान के आनंद में ही स्वयं भी आनंद की अनुभूति करते हैं। परमात्मा की कृपा से सम्पूर्ण जगत का कल्याण होगा। वैदिक परम्परा में धर्म की जय और अधर्म के नाश की कामना करते हैं। इसके साथ प्राणियों में सद्भावना और विश्व के कल्याण की प्रार्थना की जाती है। यह सब ईश्वरीय कृपा से ही संभव है। इसीलिए उत्सव के द्वारा भगवान को प्रसन्न किया जाता है। पालकी यात्रा का भी यही उद्देश्य है।

## किसानों से पैसा लेने का ऑडियो वायरल

**तारुन।** किसान सम्मान निधि व कृषि यंत्र दिलाने के नाम पर एक प्राविधिक सहायक द्वारा किसानो से पैसे लिये जाने मामला प्रकाश में आया है। कर्मचारी के कारनामे का ऑडियो वायरल हो रहा है। हिन्दुस्तान इसकी पुष्टि नहीं करता है।

सरकार किसानों की आर्थिक स्थित को मजबूत करने एवं आधुनिक वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसान सम्मान निधि और कृषि यंत्रों पर अनुदान राशि दे रही है। इसे लेकर एक प्राविधिक सहायक अपने क्षेत्र में किसानों से रुपये ऐंठ कर उन्हें लाभ दिलाने का भरोसा दे रहा है। वायरल हो रहे ऑडियो में एक किसान ने तीन किसानों को किसान सम्मान निधि दिलाने के लिये 1500 रुपये लिये है।

## मारपीट में दो युवकों पर मुकदमा दर्ज

**मवई।** स्थानीय पुलिस ने मारपीट के आरोप में बाराबंकी जिले के दो युवकों पर मुकदमा दर्ज किया है। बाबा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम कसारी के आलोक सिंह पुत्र रंजीत सिंह ने मवई थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि मवई ब्लाक से वापस घर जाते समय ब्लाक के बाहर दो युवकों ने मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी।

आरोप लगाया कि बाएं हाथ मे काफी चोट लगी। थानाध्यक्ष मवई आशा शुक्ला ने बताया कि आलोक सिंह की तहरीर पर बाराबंकी जिले के कोतवाली हैदरगढ़ के ग्राम गौसुपुर के अखिलेश सिंह (झुनझुन) पुत्र दान बहादुर सिंह तथा कोतवाली हैदरगढ़ के ग्राम मालिनपुर के दुखरन सिंह पुत्र शिवराज सिंह पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

**शहर 30s**

## आज चौक में चार घंटे गुल रहेगी बिजली

**अयोध्या।** आगामी वर्षऋतु एवं ग्रीष्मकाल में निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के दृष्टिगत सोमवार को 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र चौक के स्वीचयार्ड में मरम्मत का कार्य होने के कारण विद्युत उपकेन्द्र चौक के अन्तर्गत आने वाले समस्त क्षेत्रों में सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक विद्युत आपूर्ति पूर्ण एवं आंशिक रूप से बाधित रहेगी। यह जानकारी अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार वर्मा ने दी।

## मारपीट का पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**बीकापुर।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत तेंदुआमाफी मजरे पूरे किल विलहन में गाय के गोबर को फेंकने को लेकर गांव के कुछ लोगों ने एक मजदूर की पिटाईकर दी। पीड़ित सूरज उपाध्याय ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि मजदूर जैसराज को लाठी डंडों से मारने लगे व कुल्हाड़ी लेकर दौड़ा लिया और मारपीट करते हुए मेरे घर में घुस आए। कोतवाल लालचंद सरोज ने बताया कि उक्त आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया है।

## ग्राम पंचायत सदस्य ने डीएम से की शिकायत

**भेलसर।** रुदौली विकास खंड के ग्राम पंचायत मीनापुर फगौली कुर्मियांन में न ट्री गार्ड बना और न ही वृक्षारोपण हुआ। ग्राम पंचायत के 14वें वित्त से साढे सात लाख रुपए निकाल भी लिया गया। यह आरोप ग्राम पंचायत सदस्य हरिमोहन मिश्र ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर लगाया है और जांच करके रिकवरी की मांग की है।

## शुजागंज में सरकारी हैंडपंप दो वर्ष से खराब

**शुजागंज।** यहां के बाजार में मानपुर मोड़ पर लगा सरकारी हैंडपंप दो वर्षो से खराब है। नल के मरम्मत की दरकार ह। ग्रामीणों की शिकायत पर एक बार नल की मरम्मत कराई गई, लेकिन बदबूदार पानी की वजह से लोग पीने से कतराने लगे। बीडीओ से शिकायत के बावजूद सरकारी हैंडपंप अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है।

## 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की

**बीकापुर।** कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान के तहत 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर आरोपी को दफा 60 में जेल भेजने की कार्रवाई शुरू की। दरोगा जय किशोर अवस्थी ने बताया कि ग्राम शाहापारा निवासी आकाश यादव पुत्र छोटेलाल के पास से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब भवनाथपुर पत्थर कट चौराहे के निकट बरामद की गई। आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

## रेबीज टीकाकरण के लिए विभाग को किया अपग्रेड

**अयोध्या।** रेबीज के इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग को अपग्रेड किया जा रहा है। इसके लिए मेडिकल आफिसर, फार्मेसिस्ट के साथ स्टाफ नर्स व बीवीएम को भी रेबीज वैक्शीनेशन के लिए प्रशिक्षित किया जा चुका है। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी धर्मपाल सिंह ने यह जानकारी दी है।

# तीन हजार कक्ष निरीक्षक तैनात किए

यूपी बोर्ड परीक्षा

- संदेह होने पर चेक कर सकते हैं क्यूआर कोड
- कक्ष निरीक्षकों की पहचान क्यूआर कोड से होगी

**अयोध्या, संवाददाता।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद से संचालित वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा के लिए बोर्ड से करीब तीन हजार कक्ष निरीक्षक नियुक्त किए गए हैं। बोर्डपरीक्षा में नियुक्त किए जाने वाले कक्ष निरीक्षकों को पहली बार क्यूआर कोड दिया गया है, यही उनकी पहचान होगी। कक्ष निरीक्षकों के मुद्रित व क्यूआर कोड युक्त परिचय पत्र अपलोड कर दिया गया है।

सभी माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य परिषद के पोर्टल से कक्ष निरीक्षकों के परिचय पत्र डाउनलोड कर दो प्रतियों में प्रिन्ट किया जा सकता है। प्रधानाचार्य मुद्रित परिचय पत्र पर कार्यरत शिक्षकों के अंकित विवरण एवं फोटो को विद्यालयी अभिलेखानुसार प्रमाणित कर उस पर सम्बंधित शिक्षक एवं स्वयं के हस्ताक्षर करेंगे। बोर्ड से जारी परिचय पत्र पर जिला विद्यालय निरीक्षक के इस परिचय पत्र पर हस्ताक्षर होंगे तभी वैध माना जाएगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी या बीईओ की ओर से जारी परिचय पत्र का विवरण उनके कार्यालय में सुरक्षित रखा जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर जिला विद्यालय निरीक्षक को उपलब्ध कराया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि विभागीय / प्रशासनिक अधिकारी रैण्डम रूप से अथवा किसी संदिग्धता की स्थिति में मोबाइल में उपलब्ध क्यूआर कोड स्कैनर के माध्यम से जांच कर सकेंगे। क्यूआर कोड स्कैनर एक सामान्य प्रकार को मोबाइल एप है जो सामान्यता सभी मोबाइल में उपलब्ध रहता है अन्यथा स्थिति में इसे गूगल प्ले स्टोर से अपने मोबाइल में डाउनलोड भी किया जा सकता है।

**बोर्ड परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापकों की शिक्षक बोर्ड परीक्षार्थियों की दूरभाष पर करेंगे मददः** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इण्टर की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू हो रही हैं। परीक्षार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं के मानसिक दबाव तनाव से मुक्त रखने और परीक्षा सम्बन्धी उनकी जिज्ञासाओं व शिकायतों के समाधान के लिए शिक्षक मदद करेंगे। हेल्पलाइन के माध्यम से यह शिक्षक परीक्षार्थियों को परामर्श देंगे। इसके लिए आर्य कन्या इंटर कॉलेज की प्रवक्ता मनोविज्ञान रश्मि तिवारी और जीआईसी अयोध्या के प्रवक्ता समाज शास्त्र जितेन्द्र कुमार यादव नियुक्त किए गए हैं।

### केंद्र प्रभारियों की बोर्ड परीक्षा तैयारी पर बैठक आज होगी

**अयोध्या।** यूपी बोर्ड की 2024 की हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट की बोर्ड की परीक्षाओं में परीक्षा केन्द्रों पर अनुचित साधन प्रयोग (नकल) की प्रवृत्ति/सम्भावनाओं पर अंकुश लगाने तथा परीक्षाओं को नकलविहीन एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद के समस्त परीक्षा केन्द्र 2024 के केन्द्र व्यावस्थापकों की अति आवश्यक बैठक 12 फरवरी को अपराह्न 12:30 बजे राजकीय इण्टर कालेज अयोध्या में आयोजित की गयी है। डीआईओएस ने बताया कि सभी 116 परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक बैठक में बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के सम्बन्ध में सूचनाओं सहित नियत समय व स्थल पर स्वयं अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करेंगे।

# मोदहा रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण आरंभ, मिट्टी चेक की

- जिले के व्यस्ततम रेलवे क्रासिंग में से एक है
- मार्च के प्रथम सप्ताह में बनेंगे पुल के पिलर

**अयोध्या।** लम्बे इंतजार के बाद शहर व्यस्ततम रेलवे क्रासिंग मानी जाने वाली मोदहा में रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण शुरु करने की प्रक्रिया शुरु हो गई है। ओवरब्रिज के लिए स्वायल पिट टेस्ट व यूटीलिटी शिफ्टिंग का कार्य चल रहा है। मार्च के प्रथम सप्ताह में ओवरब्रिज का निर्माण शुरु करने का दावा सेतुनिगम कर रहा है। जिसे दिसम्बर 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य लिया गया है।

सेतु निगम के उप परियोजना प्रबन्धक रोहित अग्रवाल ने बताया कि ओवरब्रिज के अधिग्रहण के लिए सूची तैयार की जा रही है। जिसमें दरो के निर्धारण की प्रक्रिया चल रही है। यहां ज्यादातर अतिक्रमण है। जिन्हें हटाया जा रहा है। अतिक्रमण हटाने के साथ निर्माण कार्य शुरु कर दिया जाएगा। इसके साथ में अधिग्रहण भी चलेगा। यहां कुछ लोग ऐसे है जो नगर निगम का टैक्स जमा करने पर भूमि पर अपना स्वामित्व समझ रहे है। जिनको वास्तविकता की जानकारी दी जा रही है।

रेलवे की यूटीलिटी हटाने का कार्य चल रहा है। जिसमें बाउन्डरीवाल, स्टोर व केबिन आदि शामिल है। रेलवे से इसके लिए परमीशन मिल गयी है। इसके साथ में पिट स्वाइल टेस्ट किया जा रहा है।







# अंत्योदय से ही सही होगा मायनों मे राष्ट्र का उदय

श्रद्धांजलि

- पं. दीनदयाल की पुण्यतिथि पर गोष्ठी
- दीनदयाल ने कभी मूल्यों को नहीं तोड़ा

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग मे रविवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ में श्रद्धांजलि सभा एवं पं. दीनदयालः जीवन एवं दर्शन विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. आशुतोष सिन्हा ने पंडित दीनदयाल के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि उन्होंने जीवन पर्यन्त संघर्ष किया। पं. दीन दयाल ने कभी भी मूल्यों से समझौता नहीं किया और नैतिकता का मार्ग नहीं छोड़ा। प्रो. सिन्हा ने कहा कि किसी भी समाज एवं राष्ट्र को तब तक विकसित नहीं माना जा सकता जब तक अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का समग्र विकास नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अंत्योदय से ही सही मायनों मे राष्ट्रोदय होगा।

# बाइक की टक्कर से घायल बुजुर्ग की मौत

**जाना बाजार।** हैदरगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत भोपा डुहिया गांव में नमाज पढ़कर लौट रहे बुजुर्ग को बाइक सवार युवक ने जोरदार टक्कर मार दिया । लखनऊ ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। मामले में पुत्र की तहरीर पर हैदरगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

शुक्रवार को दिन में करीब दो बजे भोपा डुहिया गांव निवासी मुसीबत अली पुत्र अकबर अली उम्र लगभग 70 वर्ष जुमे की नमाज पढ़ कर घर जा रहे थे । इसी दौरान सामने से गांव का एक युवक अपने परिवार की महिला को बाइक पर बैठाकर जा रहा था। बाइक की टक्कर लगने से मुसीबत अली गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल सुल्तानपुर ले जाया गया। हालत गंभीर देख उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। बीती रात करीब 2.35 पर इलाज के दौरान मुसीबत अली की मौत हो गई ।

शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। रविवार को मृतक के पुत्र इबरार अहमद ने हैदरगंज थाने में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक थाना हैदरगंज मोहम्मद अरशद ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है।






सत्यमेव जयते
भारत सरकार

# विकसित भारत के संकल्प को सशक्त करती सामर्थ्यवान युवाशक्ति



## युवाओं को सरकारी नौकरी देने के लिए रोज़गार मेला

**देशभर में सरकारी नौकरियों में चयनित 1 लाख से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्रों का वितरण**

प्रधानमंत्री
**नरेंद्र मोदी**
द्वारा

12 फरवरी 2024, प्रातः 10:30 बजे
(वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से)

- भारत सरकार सहयोगी राज्य सरकारों के साथ मिलकर नए रोज़गारों का कर रही सृजन
- महिलाओं, दिव्यांगजन, और आकांक्षी जिलों के अभ्यर्थियों को विशेष लाभ
- सरल, निष्पक्ष और पारदर्शी चयन प्रक्रिया
- सभी नियुक्तियाँ यूपीएससी, एसएससी, रेलवे भर्ती बोर्ड, आईबीपीएस जैसी एजेंसियों के माध्यम से
- विशेष ऑनलाइन सिस्टम से खाली पदों एवं भर्ती प्रक्रिया की निरंतर निगरानी
- विभिन्न सरकारी विभागों में सभी नवनियुक्तों की ऑनलाइन ट्रेनिंग के लिए कर्मयोगी प्रारंभ मॉड्यूल

CBC19101/13/0020/2324

DD डीडी न्यूज पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें।

प्रशिक्षण सम्बन्धी अधिक जानकारी के लिए कर्मयोगी मॉड्यूल वेबसाइट https://igotkarmayogi.gov.in/ पर जाएँ या

### अयोध्या जाने से पहले मुख्यमंत्री योगी पुणे में श्री गीता भक्ति अमृत महोत्सव में शामिल हुए

# भक्ति-शक्ति से टूटती हैं गुलामी की बेड़ियां : योगी

**संबोधन**

**पुणे,हिटी।** महाराष्ट्र भक्ति और शक्ति की भूमि रही है। यहीं गुरु समर्थ रामदास ने वीर छत्रपति शिवाजी का मार्गदर्शन किया। जब-जब भक्ति और शक्ति का अद्भुत मिलन होता है, गुलामी की दास्तान से मुक्ति मिलती है और 500 वर्ष की गुलामी की दास्तान से मुक्त होकर आज अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बन चुका है।

ये बातें गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को महाराष्ट्र के पुणे स्थित आलंदी में आयोजित श्रीगीता भक्ति अमृत महोत्सव के दौरान कही। उन्होंने कहा कि संतों के सानिध्य और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुरुषार्थ से 22 जनवरी की ऐतिहासिक तिथि के हम सब साक्षी बने हैं। नव्य और भव्य अयोध्या आप सभी को आमंत्रित कर रही है। इससे पहले सीएम योगी



महाराष्ट्र के पुणे स्थित आलंदी में आयोजित श्रीगीता भक्ति अमृत महोत्सव में रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए।

का यहां देश भर से पधारे साधु-संतों ने जोरदार स्वागत किया और उन्हें राममंदिर निर्माण का नायक बताते हुए उनका अभिनंदन किया। योगी ने स्वामी गोविंद देव गिरि को अंगवस्त्र और गणेश प्रतिमा भेंटकर सम्मान किया। योगी ने स्वामी ज्ञानेश्वर की पूजा-अर्चना भी की। उन्होंने स्वामी गोविंद देव गिरी के जीवन पर आधारित स्मारिका का विमोचन किया। वहीं कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य विजयेन्द्र सरस्वती ने अंगवस्त्र पहना कर तथा प्रसाद प्रदान कर योगी का विशेष रूप से सम्मान किया। इस अवसर पर स्वामी रामदेव, जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद, स्वामी चिदानंद सरस्वती, स्वामी राजेन्द्रदास, प्रख्यात कथा व्यास स्वामी रमेश ओझा आदि मौजूद रहे।

#### बचपन में पढ़ी ज्ञानेश्वरी तभी से थी आलंदी आने की इच्छा

सीएम योगी ने कहा कि लंबे समय से उनके मन में आलंदी आने की इच्छा थी। इस अवसर पर यहां आने का सौभाग्य उन्हें प्राप्त हुआ है। योगी ने बताया कि बचपन में उन्होंने ज्ञानेश्वरी पढ़ी थी। मात्र 15 साल की आयु में ज्ञानेश्वरी का उपदेश देकर भक्तों को नई राह दिखाने का कार्य स्वामी ज्ञानेश्वर ने किया। मात्र 21 साल में संजीव समाधि लेकर भारत के आध्यात्म को पूरे भूमंडल पर लहराने का कार्य स्वामी ज्ञानेश्वर ने किया था।

#### छत्रपति शिवाजी के नाम से बन रहा डिफेंस कॉरीडोर

सीएम योगी कहा कि जब वे यूपी के मुख्यमंत्री बने तो आगरा में बन रहे मुगल म्यूजियम का नाम बदलकर छत्रपति शिवाजी म्यूजियम रखा गया। उत्तर प्रदेश का डिफेंस कॉरिडोर भी वीर छत्रपति शिवाजी के नाम से ही है। उन्होंने गोविंद देव गिरी के बारे में कहा कि उन्होंने पूरा जीवन सनातन धर्म को समर्पित कर दिया है। पूरी दुनिया में वैदिक पाठशालाओं को स्थापित कर और श्रीमद्भागवत् गीता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वेदपाठियों की एक लंबी शृंखला देश को देने का कार्य किया है।



**रामलला के दरबार में :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कैबिनेट के सदस्यों और विधायकों ने रविवार को अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन किए।

### अयोध्या यात्रा के दौरान बेहद प्रफुल्लित नजर आए मंत्री और विधायक









1- अयोध्या यात्रा के दौरान बस में बैठे राजा भैया, आराधना मिश्र मोना और विधानसभाध्यक्ष सतीश महाना 2- बस में सवार उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य 3- एमएलसी मोहसिन और अन्य विधायक 4- यात्रा के दौरान उनके जलपान का भी प्रबंध रहा।

# केशव-ब्रजेश ने देश के कल्याण का आशीर्वाद मांगा



**अयोध्या में दर्शन**

**अयोध्या, संवाददाता।** रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद से ही उनके दर्शन के लिए आतुर उत्तर प्रदेश विधान मंडल दल व विधान परिषद सदस्यों के साथ मंत्रि परिषद के सदस्यों की अभिलाषा 20 दिनों बाद रविवार को पूरी हो गयी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व दोनों डिप्टी सीएम सहित मंत्री परिषद के रूप में प्रदेश की पूरी सरकार रामलला के समक्ष नतमस्तक हो भाव विभोर हो गई। सबने अलग-अलग रामलला से प्रार्थना की और वर्षों की तपस्या की सफलता पूर्वक निवृत्ति के लिए कृतज्ञता भी जताई। दर्शन के बाद सबने अलग-अलग भावों की अभिव्यक्ति भी की।

उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य ने कहा कि हम सभी से रामलला का दिव्य दर्शन किया और रामजन्म भूमि से ही हनुमान जी के चरणों में भी प्रार्थना की। उन्होंने बताया कि रामलला से यह आशीर्वाद भी मांगा कि लोकसभा के चुनाव में भाजपा गठबंधन को चार सौ से अधिक सीट हासिल हो। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो राम का नहीं वह किसी काम का नहीं इसलिए समाजवादी को समाप्त पार्टी की दशा में पहुंचाएं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक बोले कि रामलला का अदभुत दर्शन हुआ और हम सब आल्हादित है व प्रसन्न हैं। उन्होंने कहा कि हमने प्रार्थना की कि प्रदेश का विकास और सबका कल्याण हो और देश आर्थिक मोर्चे पर सबसे पहले पायदान पर पहुंचे। उन्होंने समाजवादी पार्टी के बहिष्कार को लेकर कहा कि वह पार्टी डीरेल हो चुकी है क्योंकि उनके पंजे कारसेवकों के खून से रंगे हैं।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि पांच सौ साल की प्रतीक्षा पूरी हो गयी और हम सबका सौभाग्य है कि विधानसभा अध्यक्ष व विधान परिषद सभापति के साथ राम मंदिर में रामलला का दर्शन पा सके। उन्होंने कहा कि हम यहां से नई ऊर्जा लेकर जा रहे हैं और रामराज्य की परिकल्पना को मूर्त रूप देने और लोक कल्याणकारी राज्य बनाने की दिशा में प्रयास करेंगे।

अयोध्या जिले के प्रभारी व कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का अवसर है। भगवान राम हम सबके आराध्य ही बल्कि रोम-रोम में व्याप्त है। मंत्रिपरिषद के साथ पूरा विधानमंडल दल आराध्य का दर्शन पाकर प्रफुल्लित है।

पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि राम मंदिर और रामलला हमारी आस्था का विषय है। इस पर किसी दल के द्वारा सियासत करना अनुचित है। उन्होंने कल्कि पीठाधीश्वर प्रमोद कृष्णम को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता से निलंबित करने के विषय में कहा कि वह सदैव से सनातन समाज के समर्थक रहे हैं और भगवान राम में उनकी आस्था रही है।



मंत्रियों विधायकों की अयोध्या यात्रा के दौरान बुलडोजर से पुष्प वर्षा की गई।

#### करोड़ों लोगों का सपना साकार हुआ : रजा

राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त यूपी हज कमेटी के चेयरमैन मोहसिन रजा ने कहा कि पांच साल की प्रतीक्षा के बाद करोड़ों लोगों का सपना साकार हुआ। भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद पूरे देश से जिस तरह श्रद्धालु उमड़ रहे रह गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के लिए हमारी प्रार्थना है कि भगवान उनको सद्बुद्धि दे। उन्होंने यूसीसी के विषय पर कहा कि एक देश में एक कानून होना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि मुस्लिम धर्मगुरु वास्तव में धर्मगुरु नहीं है बल्कि नेता हैं और वह समाज को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। सपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि रामभक्तों पर गोलियां चलाने वाले कैसे अयोध्या जाएंगे।

#### पांच सौ साल बाद निषाद राज को दर्शन का सौभाग्य

निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मत्स्य पालन मंत्री डा. संजय निषाद ने कहा कि त्रेता की तरह पांच सौ साल बाद फिर निषाद राज को रामलला के दर्शन का सौभाग्य मिला है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को साधुवाद और उन सभी के प्रति श्रद्धांजलि जिन्होंने इस कार्य के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा हमारा देश, हमारी धरती, हमारे भगवान फिर हमें कोर्ट के आदेश का इंतजार करना पड़ा। उन्होंने कहा कि रामलला सब पर भारी, काशी व शृंगवेरपुर की है बारी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के पास मौका था जब वह अपनी पार्टी की गलतियों के लिए प्रायश्चित कर सकते थे लेकिन उन्होंने गंवा दिया। सिंचाई मंत्री रामकेश निषाद ने भी कहा कि आज पूरा भारत ही विश्व भी प्रफुल्लित है।

# केजरीवाल और मान परिवार समेत आज अयोध्या जाएंगे

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को परिवार के साथ अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन करने के लिए जाएंगे। उनके साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और उनका पूरा परिवार भी जाएगा।

केजरीवाल को बीती 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने का भी न्योता मिला था, लेकिन वह उसमें शामिल नहीं हुए थे। उस समय भीड़ और वीवीआईपी गतिविधि का हवाला देते हुए वहां नहीं जाने का फैसला किया था। गौरतलब है कि प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन मुख्यमंत्री केजरीवाल ने पूरी दिल्ली में सुंदरकांड पाठ का आयोजन करवाया था। खुद भी रोहिणी के एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उस समय उन्होंने घोषणा की थी कि वह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद पूरे परिवार के साथ रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जाएंगे।

# भगवान के चरणों में भावुक और समर्पित हूं : महाना

**अभिभूत**

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के नेतृत्व में विधायकों ने अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण होने के बाद रविवार को दर्शन किए। विधानसभा अध्यक्ष इस अवसर पर भाव विहल दिखे। उन्होंने कहा कि भाव विहल हूं, भावुक हूं, समर्पित हूं, भगवान के चरणों में। इतना कहते हुए उनका गला भर आया और आगे वह बोलने में असमर्थ हो गए।

उन्होंने कहा कि मैं उस समय यहां आया था, जब यहां पर एक ढांचा खड़ा था जो हमारे सामने टूटा था। उस समय यहां आया था, जब 1990 में यहां पर गोली चली थी। उस समय यहां पर आया था, जिस समय चबूतरे का निर्माण हुआ था। महाना ने कहा कि उस समय भी यहां आया था जब यहां पर शिलान्यास हुआ था। उस समय यहां आया था, जिस समय यहां पर मंदिर का निर्माण शुरू हुआ था। सबसे सौभाग्य की बात है कि आज भगवान के प्रत्यक्ष रूप से दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

#### काशी, मथुरा के मंदिर मुक्त कराएंगे : वासुदेवानंद

**प्रयागराज।** विश्व हिंदू परिषद के माघ मेला शिविर में रविवार को संत सम्मेलन आयोजित किया गया। संतों ने धर्मांतरण, लव जेहाद, सामाजिक समरसता, आने वाली पीढ़ियों में संस्कार, संयुक्त परिवार, हिंदू धर्म का प्रचार-प्रसार और संस्कृति के संवर्धन-संरक्षण आदि विषयों पर चर्चा की। साथ ही श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण का संकल्प पूर्ण होने को सभी संतों ने संगम की रेती पर हुई साधना का फल बताया। संतों ने स्पष्ट कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद काशी और मथुरा से मुस्लिम समाज अपना दावा छोड़ दे। अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री स्वामी जीतेन्द्रानंद सरस्वती के आह्वान पर संतों ने एक स्वर में कहा कि कुंभ 2025 से पहले मुस्लिम समाज काशी और मथुरा से अपना दावा वापस ले। अन्यथा अभी तीन मंदिर की बात कही जा रही है, आगे हम अपने तोड़े गए सभी मंदिरों पर दावा करेंगे।

# सभी बोले, ऐतिहासिक और कभी न भूलने वाला क्षण

**उद्गार**

**लखनऊ।** अयोध्या यात्रा के दौरान भाजपा और घटक दलों के विधायकों ने कहा कि यह 500 वर्षों बाद बड़ा पुनीत कार्य हुआ है। हम सबने सपना देखा था कि एक दिन प्रभु श्रीराम का मंदिर बनेगा और आज न सिर्फ मंदिर बन गया है, बल्कि दर्शन का अवसर भी मिल रहा है। आज उत्तर प्रदेश की सरकार बड़े सरकार के दरबार में हाजिरी लगाने जा रही है। इसके लिए हम सभी सीएम योगी के प्रति आभार जताते हैं, क्योंकि ये उन्हीं का विजन था कि पूरी सरकार और सभी दलों के विधायकों को एक साथ प्रभु श्रीराम के दर्शन कराए जाएंगे। यह ऐतिहासिक और कभी न भूलने वाला क्षण है।

**गदगद हुए विधायक:** इस मौके पर मीडिया से बातचीत में कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि अवध से हमारा पुराना रिश्ता है। बचपन से यहां आती रही हूं। आज दर्शन का बहुत ही पुण्य अवसर है। वहीं बसपा के विधायक उमाशंकर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष का आभार जताते हैं कि उन्होंने यह अवसर उपलब्ध कराया है। जो व्यवस्था की गई है वो अद्भुत है। उन्होंने कहा कि सपा के लोग इस मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं। हमारी पार्टी सेक्युलर है। वहीं निषाद पार्टी के अध्यक्ष और सरकार में मंत्री संजय निषाद ने कहा कि आज बहुत बड़ा दिन है। जैसे विधानसभा में सभी दल एक साथ बैठते हैं उसी तरह आज पूरी विधानसभा प्रभु राम के दर्शन करने जा रही है।

# सर्राफ व बेटी का हत्यारा बेटा निकला

**फॉलोअप**

- संपत्ति को लेकर चल रहा था विवाद
- हत्यारोपी बेटा और उसकी पत्नी गिरफ्तार

**अमरोहा, संवाददाता।** संपत्ति के विवाद में इकलौते बेटे ने ही सर्राफ पिता और बहन की दराती से गला रेतकर हत्या की थी। पत्नी और अपनी गत्ता फैक्ट्री के कर्मचारी की मदद से उसने इस सनसनीखेज हत्याकांड अंजाम दिया। पिता की हत्या का विरोध और चश्मदीद गवाह होने के कारण बहन को भी मौत के घाट उतार दिया। 24 घंटे के भीतर पुलिस ने रविवार को दोहरे हत्याकांड का खुलासा करते हुए हत्या में इस्तेमाल दराती और गायब मोबाइल समेत अन्य सामान बरामद कर लिया। पुलिस ने सर्राफ के हत्यारोपी बेटे, पुत्रवधू और नौकर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से तीनों को 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

शनिवार सुबह शहर के मोहल्ला कटरा गुलाम अली में सर्राफ योगेश चंद्र अग्रवाल और उनकी दत्तक बेटी सृष्टि की रक्तरंजित शव घर में ही हॉल में फर्श पर पड़ी मिली थी। दोनों की हत्या गला रेतकर की गई थी। मोबाइल फोन भी गायब थे। दिन निकलते ही दोहरे हत्याकांड की खबर से शहर में जहां सनसनी फैल गई थी। डीआईजी व एसपी ने भी घटनास्थल का मुआयना किया था। पुलिस देर रात तक तहकीकात में जुटी रही। सर्राफ के बेटे इशांक से की गई पूछताछ में पुलिस के हाथ हत्याकांड से जुड़ा बड़ा सुराग लगा। रविवार को शहर कोतवाली में एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने दोहरे हत्याकांड का चौकाने वाला खुलासा किया।

# प्रेमी युगल ने जहर खाकर जान दी

**गढ़मुक्तेश्वर।** दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे किनारे बेहोशी की हालत में पड़े मिले उत्तराखंड के युवक और महिला की देर रात को उपचार के दौरान मेरठ के अस्पताल में मौत हो गई। दोनों तीन दिन पहले ही अपने घरों से लापता हुए थे। देर शाम तक दोनों के परिजन का इंतजार किया जा रहा था।

एक युवक और महिला शनिवार देर शाम दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे किनारे एक खोखे के पास बदहवास हालात में बेहोश पड़े हुए थे। राहगीरों इस संबंध में सूचना देकर पुलिस को मौके पर बुला लिया था।

# आगरा में मां-बेटे की हत्या कर युवक ने लगाई फांसी

**आगरा, प्रमुख संवाददाता।** न्यू लॉयर्स कालोनी (न्यू आगरा) में शनिवार की रात तरुण चौहान (42) ने मां बृजेश देवी चौहान (65) व बेटे कुशाग्र (12) की हत्या करके खुद खुदकुशी कर ली। वह एक पाइप फैक्ट्री में मैनेजर था। रविवार की सुबह कामवाली के आने पर घटना का पता चला। तरुण का शव फंदे पर लटका मिला। दादी और नाती के शव उनके कमरे में पलंग पर मिले। आशंका है कि दोनों को जहर दिया गया था। मोबाइल में छह मिनट का वीडियो मिला। जिसमें तरुण उर्फ जॉली ने डेढ़ करोड़ के कर्ज की बात कबूली। उसकी पत्नी रजनी खाटू श्याम गई थी। इस कारण उसकी जान बच गई।

घटना की जानकारी सुबह करीब आठ बजे हुई। नौकरानी गीता घर आई। मुख्य दरवाजा खुला हुआ था। वह सीधे भूतल पर स्थित बृजेश देवी के कमरे में पहुंची।

**सार्वजनिक सूचना**

यह आम जनता को सूचित करने और आपत्ति, यदि कोई है, को प्राप्त करने के लिए है कि हमारे क्लाइंट, श्री निखिल सेवक पुत्र स्वर्गीय श्री राजेन्द्र पाल सेवक, श्रीमती अल्का सेवक पत्नी स्वर्गीय श्री राजेन्द्र पाल सेवक, सुश्री निकिता सेवक पुत्री स्वर्गीय राजेन्द्र पाल सेवक, श्री गुरदीप सिंह वालिया पुत्र श्री जय सिंह वालिया, श्री हर्षदीप वालिया पुत्र श्री गुरदीप वालिया तथा श्रीमती नम्रता वालिया पत्नी श्री गुरदीप वालिया (''**स्वामी**'') से, यहां इसके नीचे पूर्णतया और विशिष्ट रूप से परिभाषित भूमि (''**अनुसूचित सम्पत्ति**''), जिसके उपरोक्त नामित व्यक्ति भूमि में से अपने-अपने संबंधित हिस्से के मालिक हैं, को खरीदने का इरादा रखते हैं।

यदि किसी व्यक्ति या कानूनी इकाई, जिसमें कोई सरकारी/सार्वजनिक विभाग, बैंक या वित्तीय संस्थान आदि शामिल हैं, जिसका उस अनुसूचित सम्पत्ति या उसके किसी भाग के संबंध में बिक्री, अंतरण, विनिमय, समुपदेशन, विरासत, निर्मुक्ति, अधित्याग, किसी न्यायालय की डिक्री या आदेश के द्वारा, ऋणभार, रेहन, पट्टा, ग्रहणाधिकार, प्रभार, लाइसेंस, उपहार, विरासत, अविभाजित हिस्सा, कब्ज़ा, सुखाचार, ट्रस्ट, वसीयत, पट्टा, किरायेदारी, उप-किरायेदारी, लीव और लाइसेंस, लिस पेंडेंस, सुखभोग, विकल्प, प्रथम अस्वीकरण का अधिकार या किसी भी प्रकृति का या अन्यथा किसी भी प्रकार से, अथवा किसी समझौते, विलेख, दस्तावेज, या मुख्तारनामे के माध्यम पूर्व-त्याग या ऋणभार के द्वारा कोई अधिकार, स्वामित्व, दावा, लाभ या मांग या हित है अथवा उसके किसी भी रूप में कोई आपत्ति है, तो उसे इस सूचना के प्रकाशन के चौदह (14) दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित में, और नोटरीकृत/ अधिप्रमाणित दस्तावेजी साक्ष्यों की फोटोप्रतियों के साथ सूचित करना होगा, अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि अनुसूचित सम्पत्ति का स्वामित्व स्पष्ट, मान्य और विपणनयोग्य है तथा किसी भी व्यक्ति का उक्त अनुसूचित सम्पत्ति के संबंध में किसी प्रकार का कोई अधिकार/स्वामित्व/हित/दावा/मांग नहीं है। बिना सहायक दस्तावेज़ों के किसी भी दावे को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

कृपया अपने लिफाफे पर [CN-LKO-SOJ] का उल्लेख करें।

**अनुसूचित संपत्ति**

गांव बंथारा, सिकंदरपुर, तहसील-सरोजनी नगर, जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226401 में स्थित 1.1987 हेक्टेयर की माप वाली बड़ी भूमि, में से खसरा नम्बर 641 (0.19), 642(0.025), 643(0.16),644(0.038), 645(0.5820 में से 0.2897), 636(0.105 में से 0.088) तथा 637(0.408) में स्थित हिस्सा। भूमि का सीमांकन इस प्रकार से है:

पूर्व में : खसरा संख्या 638 तथा 639
पश्चिम में : सड़क और खसरा नम्बर 645 का हिस्सा
उत्तर में : सड़क और खसरा नम्बर 640
दक्षिण में : खसरा संख्या 636 तथा खसरा संख्या 634

दिनांक: 12.2.2024
**लेक्सनेगोशियम एडवोकेट्स**
ध्यानाकर्षण: विकास पंत, मुख्य साझेदार
+91 9899115125
खसरा नम्बर: 56/6/6 नियर कुकरेजा फार्म, जोनापुर नई दिल्ली 110047

**यूपी बोर्ड** | बोर्ड परीक्षार्थियों के दिमाग पर हावी एग्जाम फोबिया, मनोविज्ञानशाला के हेल्पलाइन पर हो रही काउंसिलिंग

# 'टॉप करना है, ज्यादा देर पढ़ने से भूल जा रही हूं'

**प्रयागराज, प्रमुख संवाददाता।** यूपी बोर्ड, सीबीएसई, सीआईएससीई समेत सभी बोर्ड की परीक्षाएं अगले दस दिन में शुरू होने जा रही हैं। इस समय 10वीं-12वीं के बोर्ड परीक्षार्थियों के दिमाग पर एग्जाम फोबिया हावी है। परीक्षा में अच्छे अंक लाने के दबाव में किसी को बार-बार लूज मोशन हो रहे हैं तो कोई ढंग से सो नहीं पा रहा है। ऐसी ही तमाम समस्याओं को लेकर परीक्षार्थी मनोविज्ञानशाला के हेल्पलाइन नंबर पर फोन कर रहे हैं। प्रस्तुत है कुछ प्रश्न और मनोवैज्ञानिकों के जवाब-

**प्रश्नः** पढ़ाई में मन नहीं लग रहा है, ज्यादा देर तक बैठ कर पढ़ नहीं पा रहा हूं। बार-बार लूज मोशन हो रहा



है।-अनिल कुमार मौर्य, कक्षा 10

**उत्तरः** सरल विषयों को पहले पढ़ें। कुछ देर पढ़ने के बाद टहलें, फिर पढ़ें। बोल-बोल कर पढ़ें। भूख लगने पर भरपेट भोजन न करें। पानी ज्यादा से ज्यादा पीएं। सुपाच्य भोजन करें, योग एवं व्यायाम करें।

**प्रश्नः** याद नहीं हो पा रहा है, स्कूल में टॉप करना है, ज्यादा देर पढ़ने से चीजे भूल जा रही हूं, कैसे पढ़ें। - राधिक यादव, कक्षा 12

**उत्तरः** लिखकर याद करने की कोशिश करें। अपने ऊपर विश्वास बनाये रखें कि मैं अपना बेस्ट दूंगी। टाइम टेबल बना कर पढ़ें। संतुलित आहार लें। परीक्षा को लेकर चिंतित न हों। पाठ्यक्रम को टुकड़ों में बांट कर पढ़ें, ध्यान लगाएं।

**प्रश्नः** पढ़ते समय बार-बार बाथरूम जाना पड़ता है, खाने-पीने का मन नहीं कर रहा है, लगता है फेल हो जाऊंगा।- सरस पांडेय, कक्षा 10

**उत्तरः** योग करें, ध्यान लगाएं, दोस्तों से एवं शिक्षकों से टॉपिक्स को लेकर डिस्कस करें। पास-फेल के बारे में न सोचें, जितना आपने पढ़ा है उसे ही तैयार करने की कोशिश करें।

#### परीक्षा से संबंधित सलाह

- ऐसी समय-सारणी बनाएं जिसमें सभी विषयों को बराबर समय दिया जा सके।
- यदि किसी विषय में कठिनाई महसूस हो रही है तो उसे अधिक समय दें।
- परीक्षा की तैयारी करते समय नोट्स भी बनाते रहें जिससे पुनरावृत्ति में मदद मिलती है।
- पढ़ाई करते समय कहीं और ध्यान (मोबाइल आदि) पर न लगाएं।
- प्रतिदिन कुछ समय परिवार या मित्रों के साथ बिताएं जिससे तनाव मुक्त रह सकेंगे।
- पढ़ाई के समय हर घंटे (जब आप थक जाएं) ब्रेक लें, जिससे मन विचलित या थके ना और साथ ही आपकी तैयारी पर प्रभाव न पड़े।
- सैंपल पेपर और प्रैक्टिस सेट की मदद से स्टडी करें जिससे परीक्षा के पैटर्न को समझने में आसानी होगी।

#### हेल्पलाइन नंबर पर करें संपर्क

बोर्ड परीक्षार्थी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए मनोविज्ञानशाला के टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-180-5311 पर सुबह 10 से शाम पांच बजे नि:शुल्क निर्देशन एवं परामर्श प्राप्त कर सकते हैं।

# आरओ, एआरओ परीक्षा में डिवाइस संग पकड़ा अभ्यर्थी

**प्रतापगढ़।** रामअजोर मिश्र इंटर कॉलेज लालगंज के केंद्र पर आरओ, एआरओ की परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी को कक्ष निरीक्षकों ने इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के साथ पकड़ लिया। उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

रविवार को जिले के 35 केंद्रों पर आरओ, एआरओ की परीक्षा दो पालियों में हुई। परीक्षा केंद्र रामअजोर मिश्र इंटर कॉलेज लालगंज में प्रथम पाली की परीक्षा दे रहे एक परीक्षार्थी को केंद्र व्यवस्थापक और कक्ष निरीक्षकों ने इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के साथ पकड़ लिया।

हिन्दुस्तान 1936

# अंतरिक्ष की खास सैर

अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में एक नई क्रांति हुई है, जिसका स्वागत होना चाहिए। एक निजी कंपनी एक्सिओम ने अभियान चलाया था, जिसके तहत चार अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से होकर लौटे हैं। सबसे खास यह कि इस अंतरिक्ष यान में तीन सीटों के लिए भुगतान किया गया था। यह भी खास कि यह भुगतान दुनिया के तीन अमीरों ने नहीं, बल्कि तीन देशों की राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसियों ने किया था। पहली बार तुर्किए के भी एक अंतरिक्ष यात्री को सफर का मौका मिला और यह तुर्किए के लिए बड़ी कामयाबी है। दरअसल, जिन देशों की अंतरिक्ष एजेंसियां छोटी हैं, वैसे देश निजी अंतरिक्ष कंपनियों की मदद से अपनी इच्छाओं और अध्ययन को पूरा करना चाहते हैं। चूंकि अंतरिक्ष के सफर को स्वतंत्र रूप से साकार करना एक बेहद महंगा और बेहद कठिन काम है, इसलिए इस विरल सेवा में निजी कंपनियों का उतरना किसी खुशखबरी से कम नहीं है। आश्चर्य नहीं कि एक निजी कंपनी के दम पर तुर्किए, स्वीडन, इटली में जश्न का माहौल है, क्योंकि इन देशों के नागरिक अंतरिक्ष की सैर कर आए हैं।

अंतरिक्ष यात्रियों की एक अखिल यूरोपीय चौकड़ी शुक्रवार की सुबह फ्लोरिडा तट पर अंतरिक्ष से नीचे उतरी और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए निजी कंपनी एक्सिओम स्पेस का तीसरा निजी मिशन पूरा हो गया। अभियान का नेतृत्व करने वाले एक्सिओम के मुख्य अंतरिक्ष यात्री माइकल लोपेज-एलेग्रिया, एक स्पेनिश-अमेरिकी नागरिक हैं और 65 की उम्र में भी एक सक्रिय अंतरिक्ष यात्री हैं। उन्हें नासा के साथ काम करने का भी लंबा अनुभव है। एलेग्रिया के नेतृत्व में यह अभियान अंतरिक्ष भ्रमण का कार्यक्रम नहीं था, बल्कि इस अभियान के तहत विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक प्रयोग किए गए हैं, जिनमें सभी अंतरिक्ष यात्रियों ने भाग लिया है। एक्सिओम के अनुसार, अंतरिक्ष यात्रियों ने परस्पर सहयोग से 30 से ज्यादा प्रकार के शोध-अध्ययन को अंजाम दिया है। सभी यात्रियों ने पेशेवर अंतरिक्ष यात्रियों जैसा प्रदर्शन किया है। ध्यान रहे, अभियान शुरू में दो सप्ताह तक चलने वाला था, पर खराब मौसम की वजह से वापसी यात्रा में कई दिनों की देरी हुई। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में यात्रियों को अतिरिक्त 18 दिन रुकना पड़ा। लोपेज-एलेग्रिया के साथ तुर्की के पायलट और वायु सेना के कर्नल अल्पर गेजेरवसी, इतालवी वायु सेना के कर्नल वाल्टर विलादेई और स्वीडन के मार्कस वांड्ट ने सदा के लिए एक इतिहास रच दिया है।

**आश्चर्य नहीं कि एक निजी कंपनी के दम पर तुर्किए, स्वीडन, इटली में जश्न का माहौल है, क्योंकि इन देशों के नागरिक अंतरिक्ष की सैर कर आए हैं।**

अंतरिक्ष विज्ञान में निजी क्षेत्र के लिए यह बहुत उत्साह बढ़ाने वाली बात है। एक्सिओम स्पेस की स्थापना 2016 में नासा के पूर्व वैज्ञानिक माइकल सुफ्रेडिनी और उद्यमी गफरियन ने की थी। यह कंपनी न केवल अंतरिक्ष यात्रा को संभव बना रही है, बल्कि यह स्पेससूट व स्पेस स्टेशन के विकास में भी लगी है और दुनिया की सबसे कुशल अंतरिक्ष एजेंसी नासा की भी मदद कर रही है। यह उन तमाम स्टार्टअप के लिए प्रेरणादायी है, जो अंतरिक्ष के क्षेत्र में काम करना चाहते हैं। यह भविष्य में एक बहुत बड़ा व्यवसाय हो सकता है। भारत में 18 से ज्यादा स्टार्टअप ऐसे हैं, जो अंतरिक्ष विज्ञान क्षेत्र में सक्रिय हैं। क्या वे किसी अंतरिक्ष अभियान को स्वतंत्र रूप से पूरा कर सकते हैं? कमाई का यह बड़ा क्षेत्र है, एक्सिओम ने एक सीट के लिए लगभग 5.50 करोड़ डॉलर की वसूली की थी, जबकि सूचना है कि हंगरी ने अगले अभियान के लिए एक सीट 10 करोड़ डॉलर में खरीदी है।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 12 फरवरी, 1949

## पंचायती राज

हमारे देश में शहर थोड़े हैं और देहात अधिक। शहरों के लोग म्युनिसिपैलिटियों द्वारा स्वराज्य तथा स्वशासन का उपभोग करते हैं, किंतु देहातों के लोगों को स्वराज्य का सुख गांव पंचायतों द्वारा ही मिल सकता है। गांव पंचायतों की संस्था इस देश में अति प्राचीन काल से प्रचलित रही है। बड़े-बड़े राज्यों की स्थापना के बावजूद उनका अस्तित्व नहीं मिटा। गांव पंचायतों के माध्यम द्वारा लोकतन्त्र इस देश में जीवित रहा है। अवश्य ही समय के प्रवाह ने पंचायतों के स्वरूप को बिगाड़ दिया। बहुत जगह वे नाम शेष भी हो गईं। किंतु इस देश में यदि लोकतन्त्र का ठीक से विकास होना है तो हमको अपनी पंचायत-प्रथा को पुनर्जीवित करना होगा। असली लोकतन्त्र सत्ता के केन्द्रीकरण में नहीं, विकेन्द्रीकरण में निहित है और गांव पंचायतें विकेन्द्रित सत्ता की वाहन हो सकती हैं। आजादी मिलने के बाद देश के विभिन्न प्रांतों में पंचायतों का पुनर्गठन हो रहा है, यह सचमुच सन्तोष का विषय है।

युक्त प्रांत में पंचायत कानून बन चुका है। उसके अनुसार युक्त प्रांत में ३५,००० गांव पंचायतें बनने जा रही हैं। यों युक्त प्रांत में देहातों की संख्या एक लाख से कुछ अधिक है, किंतु पंचायतों के संगठन के लिए कुछ छोटे गांवों को बड़े गांवों के साथ संबद्ध कर दिया गया है। इन गांव पंचायतों के चुनाव प्रारम्भ हो गये हैं जो इस महीने के अन्त तक समाप्त होंगे और उनमें २१ वर्ष या इससे अधिक उम्र के २,७२,००,००० स्त्री-पुरुषों के भाग लेने की आशा की जाती है। युक्त प्रांत के गांव पंचायत कानून ने पंचायतों को स्थानीय शासन और न्याय के क्षेत्र में व्यापक अधिकार प्रदान किये हैं, किंतु उनकी सफलता मुख्यतः इस पर निर्भर करेगी कि जो पंच चुने जाते हैं, वे कितने निष्पक्ष, ईमानदार और स्वार्थरहित होते हैं। अतः युक्त प्रांत के देहाती भाई-बहनों को अपना चुनाव करने में काफी समझदारी और सोच-विचार से काम लेना चाहिए।

युक्त प्रांत में पंचायतों को जो काम करने होंगे, उनकी सूची काफी लम्बी-चौड़ी है। उदाहरण के लिए वे सार्वजनिक सड़कों के निर्माण, मरम्मत और उन पर रोशनी का प्रबन्ध करेंगी; चिकित्सा, सफाई और संक्रामक रोगों की रोकथाम आदि के उपाय करेंगी; इमारतों की देखभाल करेंगी; गांवों में जन्म-मरण का हिसाब रखेंगी; ...पशु गणना करेंगी और बच्चों की भलाई के काम करेंगी।


# फौजी दखलंदाजी के खिलाफ जनादेश

**इमरान खान खुलकर फौज की लानत-मलामत कर रहे थे, फिर भी उन्हें उम्मीद से कहीं अधिक सीटें प्राप्त हुई हैं। लोगों ने संभवतः उनके विद्रोही तेवर को पसंद किया है।**



यहां स्कैन करें

टीसीए रंगाचारी | पूर्व राजनयिक



पाकिस्तान के आम चुनावों के नतीजे बता रहे हैं कि कौमी असेंबली (संसद) में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी जरूर है, लेकिन उससे भी अधिक संख्या उनकी होगी, जो निर्दलीय यानी तकनीकी तौर पर बिना किसी दलीय चुनाव-चिह्न के मैदान में उतरे। इनमें से ज्यादातर नेताओं को इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) का समर्थन प्राप्त है। हां, उनकी असल संख्या कितनी है, यह अभी साफ नहीं है। आधुनिक लोकतंत्र में दलीय प्रणाली अहम मानी जाती है और इसमें उन प्रतिनिधियों का प्रभाव कम समझा जाता है, जो किसी पार्टी से जुड़े हुए नहीं हैं। मगर पाकिस्तान इस मामले में अलहदा साबित हुआ है।

फिलहाल, यह स्पष्ट है कि पाकिस्तान में गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। इसके प्रयास शुक्रवार देर रात से ही शुरू हो गए थे, जब यह साफ हो चला था कि किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं आने वाला है, तब अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा था कि पीएमएल-एन चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बन गई है और गठबंधन सरकार के लिए हम पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) की तरफ हाथ बढ़ाना चाहते हैं। उन्होंने अपनी तकरीर में शहबाज शरीफ को पीपीपी के साथ बातचीत के लिए अधिकृत भी कर दिया था।

मगर जनादेश के कुछ अन्य संकेत भी स्पष्ट हैं। मसलन, पाकिस्तानी फौज ने उस तरह से नवाज शरीफ का साथ नहीं दिया, जिसके कयास चुनाव-पूर्व लगाए जा रहे थे। आरोप था कि फौज उन सबका दमन कर रही है, जो नवाज शरीफ की राह में चुनौती पेश कर रहे हैं। इमरान खान का उदाहरण सबके सामने था। फौज से सीधी जंग मोल लेने के कारण वह चुनाव से बाहर कर दिए गए थे। यहां तक कि उनकी पार्टी पीटीआई को भी खत्म कर दिया गया था और उसके तमाम बड़े नेता फौज के निशाने पर थे। यही वजह है कि जो थोड़े-बहुत पीटीआई नेता बचे रहे गए, उनको निर्दलीय चुनाव लड़ना पड़ा। चूंकि चुनाव में पीटीआई समर्थकों को बड़ी जीत मिली है, इसलिए इमरान खान के लिए यह आरोप लगाना काफी मुश्किल होगा कि फौज ने नवाज शरीफ के पक्ष में बल्लेबाजी की है। अब आरोप यह है कि अगर फौज ने हस्तक्षेप नहीं किया होता, तो उनकी पार्टी पीटीआई को पूरा बहुमत मिल जाता। हालांकि, साल 2018 में, जब फौज ने इमरान खान को प्रधानमंत्री बनाने की मशक्कत की थी, तब भी पीटीआई को बहुमत हासिल नहीं हुआ था।

इसका मतलब यह नहीं माना जाना चाहिए कि फौज ने चुनाव को बिल्कुल प्रभावित नहीं किया। अलग-अलग स्रोतों से जो वीडियो फुटेज आए हैं, उनमें यह तो दिखता ही है कि चुनाव में धांधली करने की कोशिशें की गईं। हां, वे पिछले आम चुनाव जैसी नहीं थीं, क्योंकि तब के फुटेज से फौज की चौतरफा फजीहत हुई थी। मुमकिन है, उसने पिछली घटना से सबक लिया हो।

इस जनादेश से यह संकेत मिलता है कि पाकिस्तानी नौजवान खास तौर से जम्हूरियत में फौजी दखलंदाजी के खिलाफ हैं। इमरान खान खुलकर फौज की लानत-मलामत कर रहे थे और उन्हें उम्मीद से कहीं अधिक सीटें प्राप्त हुई हैं, जो यह बताता है कि लोगों ने उनको संभवतः इसीलिए पसंद किया, क्योंकि उन्होंने विद्रोही तेवर अपनाया हुआ था। हालांकि, इसकी पुष्टि के लिए हमें मत-प्रतिशत जैसे कुछ अन्य आंकड़ों की भी जरूरत होगी। वैसे, जिस तरह से पीएमएल-एन को सीटें मिली हैं, उससे यह नहीं लगता कि फौज की पसंद होने के कारण लोग उससे नाराज हैं। पंजाब सूबे की असेंबली के नतीजे इसी का संकेत देते हैं।

यहां मैंने पंजाब प्रदेश की इसलिए चर्चा की, क्योंकि पाकिस्तान की राजनीति में इस सूबे का खास महत्व है। माना जाता है कि यदि पंजाब और केंद्र की सत्ता में एक ही पार्टी रहे, तो हुकूमत को चलाने में दिक्कतें पेश नहीं आती हैं। मुझे 1988 का चुनाव याद आ रहा है, जब मैं वहां अपनी सेवाएं दे रहा था। उस चुनाव में भी फौज की पसंद नवाज शरीफ थे, लेकिन खंडित जनादेश पीपीपी नेता बेनजीर भुट्टो के पक्ष में आया। तब केंद्र की सत्ता बेनजीर ने संभाली और पंजाब सूबा नवाज शरीफ के जिम्मे रहा। उस समय विपक्षी दल के नेता बेशक इस्लामाबाद में रहते थे, लेकिन व्यावहारिक तौर पर यह जिम्मेदारी नवाज शरीफ ही निभाते रहे। बेनजीर के लिए सरकार चलाना काफी कठिन साबित हुआ था।

अभी पीएमएल को पीपीपी की जरूरत है, तो पाकिस्तान को पांच साल तक चल सकने वाली एक स्थायी सरकार की। यहां साल 2008 का दौर याद आता है, जब इन्हीं दोनों पार्टियों की मिली-जुली सरकार बनी थी। नवाज शरीफ की इस मामले में जरूर सराहना की जानी चाहिए कि उस वक्त उन्होंने पीपीपी सरकार को अस्थिर करने का कोई प्रयास नहीं किया। संभवतः दोनों राजनीतिक दल यह समझ रहे थे कि उनकी आपस की लड़ाई में फौज का पलड़ा हमेशा भारी रहता है। क्या इस बार भी एक स्थिर सरकार बनेगी?

सवाल यह भी है कि नई सरकार के साथ भारत के रिश्ते कैसे रहेंगे? फिलहाल इसके बारे में कुछ कहना जल्दबाजी होगी, क्योंकि भारत या कश्मीर पाकिस्तान चुनाव के मुद्दे नहीं थे। राजनीतिक दलों के अपने घोषणापत्रों में भले ही भारत का नाम लिया गया, लेकिन यह पाकिस्तान की सियासत का हिस्सा है। फिलहाल नई सरकार का पूरा ध्यान अपनी अर्थव्यवस्था को उबारने, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों का कर्ज चुकाने, बेरोजगारी दूर करने या गरीबी उन्मूलन पर ही होगा। हिन्दुस्तान के साथ ताल्लुकात बेहतर बनाने के बारे में सोचने की उसे अभी फुरसत ही कहां? वैसे भी, भारत पर आम चुनाव का खुमार चढ़ने लगा है, और कोई भी सरकार ऐसे मौकों पर इंतजार करना ही पसंद करती है। मसलन, साल 2014 के चुनाव से पहले कमोबेश यह तय था कि पाकिस्तान हमें 'मोस्ट फेवर्ड नेशन' का दर्जा देने जा रहा है। दस्तावेज पर बस दस्तखत होने शेष थे। मगर पाकिस्तान ने हिन्दुस्तान में नई हुकूमत आने के बाद इस पर आगे न बढ़ने की सोची, और आज तक यह दर्जा फाइलों में ही बंद है।


बहरहाल, नवाज शरीफ व्यक्तिगत तौर पर भारत-विरोधी नहीं हैं। मगर चूंकि वहां सत्ता की बागडोर फौज के हाथों में है, इसलिए तय उसे ही करना है, इस्लामाबाद नई दिल्ली के कितना करीब आए।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# लाइब्रेरी में सेंधमारी से झलकी साइबर युद्ध की भयावहता

यहां स्कैन करें

हरजिंदर | वरिष्ठ पत्रकार



किताबों की चोरी पुस्तकालयों के लिए कोई नई बात नहीं है। आप किसी भी लाइब्रेरियन से मिलें, वह इसके बहुत से किस्से सुना देगा। पुस्तकालयों के सदस्य और पाठक मौका मिलते ही अपनी पसंदीदा किताब को पार कर लेते हैं। ऐसी चोरियां अक्सर फुटकर स्तर होती हैं और पुस्तकालय की पूरी संपदा पर होने वाला उनका नुकसान बहुत बड़ा नहीं होता।

ऐसा नहीं होता कि चोर बड़ी संख्या में आएं और ढेर सारी किताबें उठाकर ले जाएं। इतिहास में पुस्तकालय को जला देने का जिक्र तो कई बार आता है, पर उन्हें लूट ले जाने का जिक्र शायद ही कभी आया हो। दरअसल, किताबों में जो ज्ञान पाया जाता है, वह लुटेरों के किसी काम का नहीं होता। इसीलिए दुनिया के विशाल, भव्य और ऐतिहासिक पुस्तकालयों में भी बहुत ज्यादा सुरक्षा व्यवस्था की जरूरत नहीं महसूस की जाती। इसीलिए लंदन की ब्रिटिश लाइब्रेरी में पिछले दिनों हुई सेंधमारी बहुत चौंकाती है। यह दुनिया का सबसे बड़ा पुस्तकालय न भी हो, तब भी सबसे महत्वपूर्ण पुस्तकालय तो है ही। यह उस देश का पुस्तकालय है, जिसने कभी दुनिया के बड़े हिस्से पर राज किया था और किताबों के अलावा उस दौर के करोड़ों दस्तावेज इसमें सहेजे गए हैं। अनुमान है, इसकी किताबों व दस्तावेजों की कुल संख्या 20 करोड़ के आस-पास होगी।

**जिस तरह से एक लाइब्रेरी को ठप्प किया गया, वैसा ही निशाना किसी शहर की बिजली व्यवस्था, जल आपूर्ति पर भी साधा जा सकता है।**

यह पुस्तकालय उस ब्रिटिश संग्रहालय का हिस्सा है, जिसकी स्थापना सन् 1753 में हुई थी। तब से दुनिया भर के शोधार्थियों की यह पसंदीदा जगह है। 19वीं सदी के लगभग एक ही दौर में दो प्रसिद्ध विचारकों ने यहीं बैठकर अध्ययन किया था और दुनिया को दो अनमोल ग्रंथ दिए थे। एक थे कार्ल मार्क्स, जिन्होंने यहीं बैठकर *दास कैपिटल* की तैयारी की थी। दूसरे थे दादा भाई नौरोजी, जिन्होंने यहीं पर बैठकर किताब *पोवर्टी ऐंड अनब्रिटिश रूल इन इंडिया* लिखी थी। ये दोनों किताबें आधुनिक दौर में आर्थिक शोषण के दो पक्षों को उजागर करती हैं।

ब्रिटिश लाइब्रेरी की इस महिमा से अलग हम बात कर रहे थे चोरी की। कुछ समय पहले 'रायसिदा' नामक एक साइबर गिरोह ने इस लाइब्रेरी के वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क में सेंध लगा दी, यानी आईटी की भाषा में कहें, तो उसे हैक कर लिया। पुस्तकालय के कंप्यूटर सिस्टम ने काम करना बंद कर दिया। रायसिदा की ओर से मांग की गई कि अगर छह लाख पौंड के बिटक्वाइन उनके हवाले कर दिए गए, तो वह सिस्टम को बहाल कर देगा, वरना लाइब्रेरी का 600 गिगा बाइट डाटा या करीब पांच लाख फाइलें इंटरनेट के बदनाम तहखाने डार्क वेब में पहुंचा दी जाएंगी, जहां से कोई भी उन्हें डाउनलोड कर सकेगा।

लाइब्रेरी के महत्व को देखते हुए छह लाख पौंड की यह रकम बड़ी नहीं थी। निजी कंपनियां तो चुपचाप ऐसे हैकर्स को रकम देकर छुटकारा पा लेती हैं। मगर ब्रिटिश लाइब्रेरी जैसे सरकारी संस्थान के लिए यह आसान नहीं था। उसने फिरौती देने से इनकार कर दिया और उसका बहुत सा डाटा काले कारोबार की दुनिया के हवाले हो गया। सेंधमारी की इस घटना को तीन महीने बीत चुके हैं और अभी भी पुस्तकालय का सारा कामकाज पहले की तरह सामान्य नहीं हो पाया है।

बहरहाल, ब्रिटिश लाइब्रेरी में जो हुआ, वह साइबर अपराध का मामला तो है ही, साथ ही हम इससे यह अंदाज लगा सकते हैं कि रक्षा विशेषज्ञ जिस साइबर युद्ध की आशंका जता रहे हैं, उसका स्वरूप कैसा हो सकता है। परंपरागत युद्धों में तो सैन्य हमलों के जरिये महत्वपूर्ण नागरिक और सैनिक बुनियादी ढांचे को तहस-नहस करके ठप्प किया जाता था। पर अब यह काम एक साइबर हमले से हो सकता है और आपकी किसी भी व्यवस्था का कंप्यूटर नेटवर्क में सेंध लगाकर ही ठप्प किया जा सकता है। जिस तरह से एक लाइब्रेरी को ठप्प किया गया, वैसा ही निशाना किसी शहर की बिजली व्यवस्था, जल आपूर्ति व्यवस्था या यातायात व्यवस्था पर भी साधा जा सकता है।

यानी हम अचानक ही एक ऐसे दौर में पहुंच गए हैं, जहां युद्ध के पुराने खतरे अभी बिल्कुल टले नहीं हैं; एक और विश्व युद्ध का खतरा अभी भी हमारा दुःस्वप्न बना हुआ है। इसी बीच साइबर युद्ध के नए खतरे खड़े हो गए हैं। ऐसे में, सुरक्षा तैयारियों को अब कई तरह से विस्तार देने की जरूरत है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# महापुरुष दयानंद सरस्वती

उन्नीसवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध भारत के इतिहास का स्वर्ण प्रभात है। कई पावन चरित्र महापुरुष अलग-अलग उत्तरदायित्व लेकर इस समय इस पुण्यभूमि में अवतीर्ण होते हैं। महर्षि दयानंद सरस्वती भी उन्हीं में से एक महाप्रतिभा मंडित महापुरुष हैं। शासन बदला, अंग्रेज आए, संसार की सभ्यता एक नए प्रभाव से बही, बड़े-बड़े पंडित, विश्व साहित्य, विश्व ज्ञान, विश्व मैत्री की आवाज उठाने लगे, लेकिन भारत उसी प्रकार पौराणिक रूप के मायाजाल में भूला रहा। इस समय ज्ञान स्पर्द्धा के लिए समय को फिर आवश्यकता हुई और महर्षि दयानंद का यही अपराजित प्रकाश है। वह अपार वैदिक ज्ञानराशि के आधार स्तंभ स्वरूप अकेले बड़े-बड़े पंडितों का सामना करते हैं।

चरित्र, स्वास्थ्य, त्याग, ज्ञान और शिष्टता आदि में जो आदर्श महर्षि दयानंद सरस्वती में प्राप्त होते हैं, उसका लेश-मात्र भी अभारतीय पश्चिमी शिक्षा में संभव नहीं है। जो लोग कहते हैं कि वैदिक अथवा प्राचीन शिक्षा द्वारा मनुष्य उतना उन्नतमना नहीं हो सकता, जितना अंग्रेजी शिक्षा द्वारा होता है, तो महर्षि दयानंद सरस्वती इसके प्रत्यक्ष खंडन हैं। महर्षि दयानंद जी से बढ़कर भी मनुष्य होता है, इसका प्रमाण प्राप्त नहीं हो सकता। हमें अपने सुधार के लिए क्या-क्या करना चाहिए? हमारे सामाजिक उन्नयन में क्या-क्या और कहां-कहां रुकावटें हैं? हमें मुक्ति के लिए कौन-सा मार्ग ग्रहण करना चाहिए, यह महर्षि दयानंद सरस्वती ने अच्छी तरह समझाया है। आर्य समाज की प्रतिष्ठा, उसकी प्रगति एक दिव्य स्फूर्ति की प्रगति है। नवीन विचारों के इस युग में देश की महिलाओं, पतितों तथा ब्राह्मणेतर जातियों के अधिकार के लिए महर्षि दयानंद तथा आर्य समाज से बढ़कर किसी भी समाज ने कार्य नहीं किया। आज जो जागरण भारत में दिखाई पड़ता है, इसका संपूर्ण श्रेय आर्य समाज को है। स्वधर्म में दीक्षित करने का यहां इसी समाज से श्रीगणेश हुआ है। भिन्न जाति वाले बंधुओं को उठाने तथा ब्राह्मण-क्षत्रियों के प्रहारों से बचाने का उद्यम आर्य समाज ही करता रहा है। शहर-शहर, जिले-जिले, कस्बे-कस्बे में इसी उदारता के कारण आर्य समाज की स्थापना हो गई। स्वामी जी राष्ट्रभाषा हिंदी के भी प्रवर्तक हैं और आर्य समाज के प्रचार की तो भाषा ही यही रही है।

**नवीन विचारों के इस युग में देश की महिलाओं, पतितों व ब्राह्मणेतर जातियों के अधिकार के लिए महर्षि दयानंद तथा आर्य समाज से बढ़कर किसी भी अन्य समाज ने कार्य नहीं किया।**

शिक्षण के लिए गुरुकुल जैसी संस्था निर्मित हो गई। एक नया ही जीवन देश में लहराने लगा। हमें ऋषियों की संतान होने का सौभाग्य प्राप्त है और इसके लिए हम गर्व करते हैं, तो कहना होगा कि ऋषि दयानंद से बढ़कर हमारा उपकार इधर किसी भी दूसरे महापुरुष ने नहीं किया, जिन्होंने स्वयं कुछ भी न लेकर हमें अपार ज्ञानराशि वेदों से परिचित कर दिया।

सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

एंटोनियो गुटेरस | महासचिव, संयुक्त राष्ट्र



बढ़ते जहरीले भाषणों, अतिवाद और मानवाधिकारों के हनन के कारण हम दुनिया भर में समुदायों को विभाजित होते देख रहे हैं। यह नेताओं की जिम्मेदारी है, वे सुनिश्चित करें कि लोग विविधता को एक ताकत के रूप में स्वीकारें।

# साफ पानी पहुंचाने की अच्छी पहल

जल जीवन मिशन एक ऐसी पहल है, जो हमारे देश को स्वच्छता, स्वास्थ्य और समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ा रही है। इस मिशन के माध्यम से हमारी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में जल संसाधनों के विकास को गति दी है, और आम जनता तक शुद्ध एवं सुरक्षित जल की पहुंच सुनिश्चित की है। यह मिशन सिर्फ नल से जल पहुंचाने तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण समुदायों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का भी संकेत है। जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण आबादी को पंप संचालन और जल प्रबंधन से संबंधित कार्यों में भी कुशल बनाया जा रहा है। इस मिशन ने ग्रामीण समुदायों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है, साथ ही समाज को आत्मनिर्भर बनाने में भी इसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।


जल जीवन मिशन का प्रभाव केवल जल की उपलब्धता तक नहीं है। इसमें स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने की दिशा में भी पर्याप्त काम किया गया है। जल जीवन मिशन ने ऐसे नए समीकरण बनाए हैं, जो समृद्ध भविष्य की दिशा में हमें नई राह दिखा रहे हैं। इससे एक ऐसे भारत बनाने का लक्ष्य साकार होता दिख रहा है, जिसमें हरेक नागरिक की स्वच्छ जल तक पहुंच हो, कहीं भी पानी की कमी न हो और किसी भी परिवार को जीवन के इस अमृत के लिए मशक्कत न करनी पड़े। हालांकि, इसके लिए हमें कुछ अतिरिक्त प्रयास भी करने होंगे, जैसे समाज का हर वर्ग इसे अपना सहयोग दे। हमें जल संवर्द्धन के प्रति अधिक जागरूकता और संवेदनशीलता फैलानी होगी। ऐसे-ऐसे नवाचारी तरीके भी ढूंढ़ने होंगे, जिनसे जल संसाधनों को बेहतर तरीके से प्रबंधित किया जा सके।

साफ है, जल जीवन मिशन के माध्यम से समाज को स्वच्छ और सुरक्षित जल की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सभी को अपना सहयोग देना होगा और इसमें अपनी सहभागिता निभानी होगी। यह योजना हमारे देश के लिए न केवल एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर और समृद्ध भविष्य की गारंटी भी होगी। इस मिशन ने हमें यह दिखाया है कि एक साथ मिलकर हम किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं और सफलता की ऊंचाइयों को छू सकते हैं। उम्मीद है, इस मिशन की चुनौतियों का भी हम सब मिलकर सामना करेंगे, और उनको दूर करके हर भारतीय तक स्वच्छ जल पहुंचाने की मुहिम को सफल बनाएंगे। अभी हमें इसके महत्व का आकलन करके जरूरी कदम उठाने होंगे।

अवनीश कुमार गुप्ता, टिप्पणीकार

अनुलोम-विलोम

जल जीवन मिशन



# पहले जल-स्रोतों पर तो ध्यान दीजिए

उस दौर को बीते अभी ज्यादा समय नहीं हुआ है, जब हम खुलेआम किसी भी हैंडपंप या जल-स्रोत से पानी पी लिया करते थे। इससे हमारी प्यास भी खूब मिटती थी। मगर बाद में जीवाणु-विषाणु या आर्सेनिक का ऐसा खेल चला कि सब कुछ खत्म हो गया। तालाब और कुएं तो लुप्त हुए ही, हैंडपंप भी अब बमुश्किल ही दिखते हैं। खासकर शहरों में। इसका नतीजा क्या निकला? भारत में प्रति व्यक्ति पानी की उपलब्धता कम होने लगी। वर्ष 2001 में सालाना प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता औसतन 1,816 घन मीटर थी, जो 2011 में घटकर 1,545 घन मीटर हो गई। साल 2021 में तो यह उपलब्धता और घटकर अनुमानित 1,486 घन मीटर रह गई। साल 2031 में इस आंकड़े के लुढ़कने व 1,367 घन मीटर तक पहुंच जाने का अनुमान लगाया गया है। कहा जा सकता है कि चूंकि इन वर्षों में जनसंख्या में भी बढ़ोतरी हुई है, इसलिए प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता में गिरावट आई है, लेकिन इसी बात को प्रमुख वजह मानने के बजाय क्या हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि हमने अपने प्राकृतिक जल-स्रोतों के साथ कितना खिलवाड़ किया है?

पहले स्वच्छ जल की कमी इसलिए भी नहीं होती थी, क्योंकि नदी, तालाब, झील, पोखर, कुएं जैसे सभी प्राकृतिक जल-स्रोत आस-पास होते थे। इससे भूजल की उपलब्धता बनी रहती थी और स्वच्छ जल की कहीं कोई दिक्कत नहीं होती थी। मगर बाद में ताल-तलैयों के प्रति सरकारी और सामाजिक उदासीनता एवं भूजल जैसे प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन ने स्वच्छ जल का गंभीर संकट हमारे सामने खड़ा कर दिया। रही-सही कसर आर्सेनिक जैसे तत्वों और पानी में मौजूद भारी धातुओं ने पूरी कर दी, जिसके कारण हैंडपंपों से साफ पानी निकलना बंद हो गया। लोग बोतलबंद पानी खरीदने को मजबूर होने लगे। पहले यह संकट शहरों में ही देखा जाता था, पर अब देश के गांव भी इससे जूझ रहे हैं। वहां भी पीने का साफ पानी आसानी से नहीं मिलता। आंकड़े तो यह भी हैं कि देश के करीब साढ़े सात करोड़ लोगों को मानक के अनुरूप पीने का पानी उपलब्ध नहीं है। यह संख्या आने वाले दिनों में और बढ़ेगी ही।

कहने के लिए सरकार भले ही हर घर में नल लगवा दे, लेकिन जब तक जल-स्रोतों को ठीक नहीं किया जाएगा, तब तक किसी योजना का कोई मतलब नहीं है। यही कारण है कि नल लगे कई घरों में पानी नहीं आने की शिकायत लोग करते रहते हैं। अगर हमें सबको स्वच्छ जल पिलाना है, तो प्राकृतिक जल-स्रोतों पर पहले ध्यान देना होगा।

अमृतेश, टिप्पणीकार

# आप जानते हैं क्या है बेहतर

**आपने अपने जीवन में ऐसा बहुत कुछ किया होगा, जिसकी आपने अपने लिए कल्पना भी नहीं की होगी। कितनी ही ऐसी कमजोरियों को खुद से दूर किया होगा, जिस पर आज आपको गर्व होता है। और इसी प्रक्रिया में यह समझ आता है कि जो समय आज है, वह हमेशा वैसा नहीं रहेगा।**

खूबसूरत जिंदगी



लेखिका, सामाजिक कार्यकर्ता, योगा प्रशिक्षक व ब्लॉगर। तन-मन और भाव के स्तर पर सुधार के जरिये बेहतरी पर जोर
ब्रियाना थॉम्पसन

आमतौर पर हमारी धारणा यही होती है कि प्रत्येक काम को करने का सही और गलत तरीका होता है। परिवार, स्कूल और सामाजिक स्तर तक हर जगह किसी अन्य के काम करने के तरीके को मिसाल की तरह हमारे सामने पेश किया जाता है। हम भी अपने मन में सही और गलत की धारणा बना लेते हैं। मसलन, पढाई कहां तक करनी चाहिए, शादी की सही उम्र क्या है या बच्चे किस उम्र तक हो जाने चाहिए जैसे प्रश्नों के निश्चित उत्तर हैं, जिन्हें सभी स्वीकार कर लेते हैं। लेकिन समय के साथ लोगों की सोच में भी बदलाव आ रहा है और वह मानने लगे हैं कि एक ही काम को करने के अलग-अलग बहुत सारे तरीके भी हो सकते हैं। इतना ही नहीं, यह भी है कि कोई नया रास्ता चुनने के बाद भी कहीं-न-कहीं एक अहसास रहता है कि उस काम को करने का सही तरीका शायद कुछ और है।

बेशक, कुछ नया करने से पहले हम पूरी रणनीति बनाते हैं, पर जीवन कभी एक ढर्रे पर नहीं चलता है। ऐसे मे क्या वास्तव में इतनी तैयारी की जरूरत होती है? मुझे औचक स्थितियों में ढलना नहीं आता था, इसलिए सब कुछ अपने नियंत्रण में रखना अच्छा लगता था। यानी कहीं जाने से पहले वहां के मौसम, माहौल, साथ जाने वाले लोगों, वापसी के समय आदि की पूरी जानकारी रखती थी। इस कारण बेचैन भी रहती थी।



## परिवर्तन संसार का नियम है

समय कभी एक सा नहीं रहता है और प्रत्येक दिन एक नया अहसास लेकर आता है। आप चाहें कितना मर्जी नियम बनाने का प्रयास कर लें, लेकिन हमेशा उसके अनुसार चलना असंभव है। यानी सारे काम अपने नए नियमों के हिसाब से पूरे कर पाना बेहद अव्यावहारिक सी बात है, लेकिन कुछ बातों का ध्यान रखकर इसे सरल बनाया जा सकता है।

- प्राथमिकताओं के हिसाब से कार्यों का निर्धारण करें और एक बार में सबसे महत्वपूर्ण दो-तीन काम ही निबटाएं।
- ऐसे कार्य जो जरूरी तो हैं, पर तुरंत नहीं करने हैं, उनकी एक अलग सूची बनाएं और हर महीने किसी एक काम को बाकी कार्यों के साथ निबटा लें।
- यदि कोई काम कठिन लग रहा हो तो छोटे-छोटे कदमों से शुरुआत करें और एक बार में काम पूरा करने की बजाय थोड़ा-थोड़ा करके पूरा करें।
- यकीन रखें कि जो वास्तव में जरूरी है वो जरूर पूरा होगा क्योंकि आने वाला काल आज से बेहतर और उम्मीदों से भरा हुआ होगा।

**आप कुछ भी कर सकते हैं, लेकिन सब कुछ नहीं कर सकते। -डेविड एलन**

### दैनिक कार्यों की सूची

मैं तब तक चैन से नहीं बैठती थी, जब तक मैं अपने रोजमर्रा के सारे काम पूरे ना कर लूं। नौकरी करते समय भी मैंने दिन-रात एक करके मेहनत की और स्वयं को पूरी तरह अपने काम में झोंक दिया। लेकिन उस समय जी तोड़ काम करना ही जीवन जीने का सही तरीका लगता था।

### मां के रूप में अनुभव

समय एक सा नहीं रहता। अब मैं अपने तरीके से जीवन जी सकती हूं। अपने बेटे को मैं एक अकेली मां के रूप में पाल रही हूं और सारा दिन उसके साथ रहती हूं। लेकिन इसके बावजूद मुझे लगता है कि मुझे अपने बेटे को और ज्यादा समय देना चाहिए।

### बेहतर इनसान बनें

एक जागरूक इनसान के रूप में मैं जीवन का प्रत्येक अनुभव लेना चाहती हूं ताकि स्वयं को और ज्यादा बेहतर बना सकूं। दोस्तों के साथ घूमना, किताबें पढ़ना, समाज के लिए कुछ अच्छा करना, बागवानी और खाना पकाना ऐसे काम हैं, जो मुझे खुशी देते है, लेकिन ये सारे काम एक साथ कर पाना संभव नहीं है।

ये सच है कि बहुत से लोग बहुमुखी प्रतिभाओं के धनी होते हैं लेकिन आपके लिए क्या बेहतर है, इसका पता लगाना जरूरी है।

### करें डर का सामना

मैंने अपने जीवन में बहुत कुछ ऐसा किया है, जिसकी मैं कल्पना भी नहीं का सकती थी। अकेले आगे बढ़ना, अपने बेटे को जन्म देना, बहुत से जहरीले रिश्तों को खत्म करना, नई नौकरी करना और अपनी कमजोरियों पर काबू पाना कुछ ऐसे काम हैं, जिन्हें करके मुझे खुद पर गर्व होता है। असल में, जीत डर का सामना करने के बाद ही हासिल होती है। बिना संघर्ष किए सफलता का पूरा रस नहीं मिलता। जैसे कि बिना अंधेरे के रोशनी नहीं होती, बिना वियोग के प्रेम का महत्व नहीं समझ आता या बिना पीड़ा के सुख की अनुभूति नहीं की जा सकती है। लेकिन, सिर्फ सही समय का इंतजार करते रहने से कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता। आपका फैसला चाहे जो भी हो, लोग बिन मांगी राय देते ही हैं, लेकिन आप सभी को खुश नहीं रख सकते हैं इसलिए बेहतर यही होगा कि स्वयं पर ध्यान दिया जाए और जो सही लगे, उसी को पूरा किया जाए।

### बदलाव के प्रति तैयारी

सभी के जीवन में उतार-चढ़ाव, बदलाव आते हैं। जो समय आज है, वो कल नहीं रहेगा, इसलिए बदलाव के प्रति स्वयं को तैयार रखना जरूरी है। पर, इसका अर्थ यह नहीं है कि आप आज अपने जीवन के बारे में कोई योजना ही न बनाएं। आपको योजना बनाने का पूरा अधिकार है, पर समय व परिस्थिति के हिसाब से अपनी योजना में बदलाव लाने का सयंम व कौशल भी चाहिए।

याद रखिए, आपसे बेहतर आपके जीवन के बारे में कोई अन्य निर्णय नहीं ले सकता। ये आप ही जानते हैं कि आप कैसा अनुभव करते हैं और किसी कार्य को कितने अच्छे तरीके से कर सकते हैं। दूसरों से सलाह लेने में बुराई नहीं, पर अंतिम निर्णय आपका होना चाहिए। कोई अन्य किस गति से आगे बढ़ रहा है, इस बात से विचलित होने का अर्थ नहीं, क्योंकि किन्हीं दो लोगों की स्थितियां एक जैसी नहीं होती हैं। सब कुछ अपने नियंत्रण में लेने की बजाय खुद पर भरोसा रखें और अपने हिसाब से आगे बढ़ें।

eclecticpurpose.com



# खुद से इश्क नहीं आसां

**इन दिनों हर कोई खुद से प्रेम करने पर जोर देता है। मानो खुद से प्रेम करते ही हमारी सब समस्याएं हल हो जाएंगी। पर दिक्कत है कि हम दूसरों के संग रह लेते हैं, अपने साथ नहीं रह पाते। दूसरों से प्रेम अगर आसान नहीं, तो खुद से प्रेम कर पाना हमारे लिए और कठिन होता है। क्यों? आइए जानें …**



'पहले, खुद से इश्क करना सीखो बरखुर्दार। आसान नहीं है खुद का होना' – इतना कहकर उन्होंने लड़के के कंधे से हाथ हटाया और वे दोनों आगे बढ़ गए। पर, मैं उन बुजुर्ग के कहे शब्दों में अटक गई। हमारी सारी दिक्कतें, शिकायतें तो दूसरों को समझने समझाने की होती हैं। जहां सब एक-दूसरे पर आत्ममुग्धता का ठप्पा लगाए रहते हैं, वहां खुद से इश्क क्या कोई अलग बात है? हर साल सेल्फ लव पर ढेरों किताबें आती हैं। गुड मॉर्निंग, गुड नाइट संदेशों में खुद से प्यार करने को कहती एक से एक सुंदर, जोरदार पंक्तियां हम एक दूसरे को भेज रहे हैं। फिर क्यों, खुद का होना इतना कठिन है?

लाइफ कोच व स्तंभकार जॉन एमोडियो कहते हैं, 'प्लूटो ने कभी कहा था कि हर व्यक्ति अपने भीतर एक लड़ाई लड़ रहा है, हमें सबके साथ उदारता से पेश आना चाहिए। यह सलाह हमें खुद पर भी लागू करनी चाहिए! कौन ऐसा है, जिसमें कमियां नहीं हैं या जिन्होंने धोखा और चुनौतियां नहीं देखी, अपनों को नहीं खोया। खुद को प्रेम किए बिना प्यार का कोई चक्र पूरा नहीं हो सकता।'

### मुझसे बुरा न कोई

दो बातें हैं जो खुद से प्यार करना मुश्किल बना देती हैं। एक, हर समय दूसरों से तुलना। दूसरा, कमियों के लिए हर समय खुद को कोसते रहना। हालांकि, इसमें हमारे माहौल की भूमिका भी कम नहीं है। उपेक्षा, मारपीट व उलाहनों के साथ बड़े हुए बच्चों को अपने भीतर धंस चुके हीन भावों को छोड़ने में दिक्कत तो होती ही है। हर बढ़ते कदम पर शर्मिंदगी, संकोच और बीती गलतियों के कारण खुद को कमतर मानने का एहसास, आगे बढ़ने से पहले ही रोक लेता है। हम अपनी अच्छी बातों को ढंग से देख ही नहीं पाते। खुद से तमीज से पेश नहीं आते। जब तब स्वयं को मूर्ख, अयोग्य, बदसूरत बोलते रहते हैं, खुद को दूसरों की नजरों से देखने के आदी हो जाते हैं।

### आत्ममुग्धता नहीं है खुद से प्यार करना

आत्म मोह यानी नार्सिसिज्म, इसे भी समझना जरूरी है। आत्ममुग्धता जहां दूसरों की जरूरत से बेपरवाह अपने स्वार्थ पर केंद्रित होती है। वहीं स्व-प्रेम , दूसरों को भी जगह देता है। आत्ममुग्धता में हम सच जाने बिना ही खुद पर मोहित रहते हैं। या फिर अपने स्वार्थ को देखते हुए दूसरों को खुश करने की कोशिश करते हैं। वहीं स्व प्रेम, दूसरों से जलन न रखते हुए खुद को स्वीकारता है, बेहतर होने की कोशिश करता है। आत्ममुग्धता जहां हमारे दायरे को छोटा करती है, वहीं खुद से प्रेम हमें विस्तार देता है। यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि अपनी सेहत, स्टाइल और सुविधाओं का ध्यान रखना खुदगर्जी नहीं है। पर, आध्यात्मिक व कॉरपोरेट गुरु स्वामी सुखबोधानंद इसे केवल इतना ही नहीं मानते। वे कहते हैं, 'स्व प्रेम, स्व करुणा में हम लगातार अपने भीतर की ओर जाते हैं। अपने जटिल मनोभावों को स्वीकारते हुए खुद को संभालने की कोशिश करते हैं। जितना हम भीतर से शांत होते हैं, उतना ही दूसरों को प्रेम और सहयोग दे पाते हैं।'

### फटकार भी, पुचकार भी

खुद से प्यार करना क्यों कठिन है, इस पर मित्र सुहेल ने कमाल बात कही है। वह कहते हैं, 'हम बिना खुद को जानें खुद से प्यार करना चाहते हैं। खुद से इश्क के लिए खुद से बातें करनी पड़ती है। बातें इस तरह जैसे मां, सहलाती भी है, फटकारती भी है। इस डांट और पुचकार में ईमानदारी और संयम से संतुलन बनाना पड़ता है।'

धारा के साथ बहना आसान है। खुद से प्यार करना धारा के विपरीत तैरने का अभ्यास है। पर एक बार आ जाए तो पार लगने में भी देरी नहीं लगती। केवल मैं चाहे जो करूं, मेरी मर्जी कह देने से ही काम नहीं चलता।

पूनम जैन

# दरवाजा खटखटाने का भी शुल्क !

कहानी



जिन घरों में मैं अखबार डालता हूं, उनमें से एक का मेलबॉक्स उस दिन पूरा भरा हुआ था। मैंने घर का दरवाजा खटखटाया। उस घर के मालिक, बुजुर्ग व्यक्ति ने दरवाजा खोला।

मैंने पूछा, 'सर, आपका मेलबॉक्स पूरा भरा है, क्या हुआ?'

उन्होंने जवाब दिया, 'ऐसा मैंने ही किया है। मैं चाहता हूं कि आप हर दिन मुझे अखबार दें... तो कृपया दरवाजा खटखटाएं या घंटी बजाएं और अखबार मुझे हाथ में दें।'

हैरत से मैंने पूछा, 'आप कहते हैं तो मैं ऐसा ही करूंगा, पर यह हम दोनों के लिए असुविधा व समय की बर्बादी नहीं होगी?'

उन्होंने कहा, 'सही है, पर मैं यही चाहता हूं । मैं दरवाजा खटखटाने के शुल्क के रूप में हर माह 500 रुपये दूंगा। अगर कभी ऐसा हो कि दरवाजा खटखटाने पर मेरी तरफ से कोई प्रतिक्रिया न मिले, तो कृपया पुलिस को फोन करें।'

यह सुनकर मैं चौंका और पूछा, 'क्यों सर?'

उन्होंने उत्तर दिया, 'मेरी पत्नी का निधन हो गया है, मेरा बेटा विदेश में रहता है, और मैं यहां अकेला रहता हूं। कौन जाने, मेरा समय कब आएगा?' अब उनकी आंखें गीली हो चुकी थीं। फिर बोले, 'मैं अखबार नहीं पढ़ता, मैं दरवाजे की घंटी की आवाज सुनने के लिए अखबार लेता हूं। किसी परिचित चेहरे को देखने, कुछ बात करने और कुछ परस्पर आदान-प्रदान करने के इरादे से... यह मेरे बेटे का विदेशी फोन नंबर है, अगर मैं जवाब न दूं, तो मेरे बेटे को भी सूचित कर देना।'

कभी-कभी हम आश्चर्य करते हैं कि बुजुर्ग लोग सोशल मीडिया पर कितने संदेश भेजते हैं। दरअसल, सुबह-शाम के इन अभिवादनों का महत्व दरवाजे पर दस्तक देने या घंटी बजाने के अर्थ के समान ही है। यह एक-दूसरे की सुरक्षा की कामना करने और देखभाल व्यक्त करने का एक तरीका है।

# वादा



रघुकुल रीत सदा चली आई।
प्राण जाई, पर वचन न जाई।
-तुलसीदास

आपका वादा उन शब्दों से कहीं अधिक मायने रखता है, जिनका उपयोग आप इसे देने के लिए करते हैं। –रॉन कॉफमैन, शिक्षाविद्

वादा पूनम के चांद सरीखा होता है, अगर एक बार उन्हें पूरा ना किया जाए तो दिन-ब-दिन वह गायब होता चला जाता है। -जर्मन कहावत

कोई भी वादा उतना ही मजबूत होता है, जितना मजबूत उस वादे को करने वाला व्यक्ति होता है।
–स्टीव मारबोलिक, लेखक

वचन का पालन करने वाला कंजूस की भांति तोल-तोल कर अपने मुख से शब्द निकालता है।
–महात्मा गांधी, नवजीवन

## रोजनामचा



पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

**मेष :** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। परिवार का साथ मिलेगा।

**वृष :** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** आत्मविश्वास में कमी हो सकती है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी। रहन-सहन बिगड़ सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क :** आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मौके मिलेंगे। आय बढ़ेगी। जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह :** मन प्रसन्न तो रहेगा। फिर भी संयत रहें। पटन-पाटन में रुचि रहेगी।बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता।

**कन्या :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के मौके मिलेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पर, स्थान परिवर्तन के योग हैं।

**तुला :** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। भवन सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के मौके मिलेंगे।

**वृश्चिक :** कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। परिश्रम अधिक रहेगा। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति रहेगी। आय वृद्धि भी होगी।

**धनु :** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि के योग। पिता से धन का सहयोग मिलेगा।

**मकर :** वाणी में मधुरता रहेगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। माता-पिता का सान्निध्य मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन में शांति व प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर जाने का योग।

**मीन :** मन अशांत रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। संतान की सेहत का ध्यान रखें। मित्रों का साथ मिलेगा।

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

12 फरवरी, सोमवार, 23 माघ (सौर) शक संवत् 1945, 30 माघ मास प्रविष्टे 2080 (पंजाब पंचांग), 01 शब्बान सन् 1445, माघ शुक्ल तृतीया (विक्रमी संवत्) सायं 05.45 बजे तक। पूर्व भाद्रपद नक्षत्र दोपहर 02.57 बजे तक पश्चात उत्तर भाद्रपद नक्षत्र, सिद्ध योग रात्रि 02.37 बजे तक। तैतिल करण, चंद्रमा कुंभ राशि में प्रातः 09.36 बजे तक उपरांत मीन राशि में। सूर्य उत्तरायण। सूर्य दक्षिण गोल। शरद् ऋतु। प्रातः 07.30 बजे से प्रातः 09 बजे तक राहुकालम्। पंचक विचार। भद्रा रात्रि 04.14 मिनट से। गौरी तृतीया व्रत। कुंद चतुर्थी।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

घर बहुत अच्छा बना हुआ है, फिर भी वहां रहने में आनंद नहीं आ रहा है। क्या उपाय करना चाहिए?
करुणा, झांसी

घर में आनंद के लिए पूर्वी ईशान बहुत महत्वपूर्ण होता है। पूर्वी ईशान अगर वास्तु सम्मत हो तो यह हमें मानसिक शांति के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करता है।

- जब महसूस हो कि जीवन में उदासीनता है तो इस दिशा का वास्तु जांच लें। इस दिशा से घर में प्रवेश करने वाली नैसर्गिक शक्तियां शुभ विचारों का संचार करती हैं।
- यहां पर लाल, नारंगी, काला रंग नहीं हो, यहां पर रसोई शुभ नहीं होती।
- कोई भी बड़ा या भारी निर्माण नहीं होना चाहिए।

### वर्ग पहेली : 7511

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | ■ | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 |
| 6 | | | | 7 | ■ | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | 8 | | | | |
| 9 | ■ | 10 | | | ■ | | ■ | |
| 11 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | 12 | |
| | ■ | 13 | ■ | 14 | | | ■ | |
| 15 | | | | | ■ | ■ | 16 | ■ |
| | ■ | | ■ | 17 | 18 | | | |
| 19 | | | | ■ | | ■ | | ■ |

**बाएं से दाएं**
3. अरोचक; एकविध; एक जैसे रस वाला (4)
6. राज्य का प्रमुख; राज्यपाल; शासन प्रमुख (5)
8. मार्ग दिखाना; सही दिशा देना (2,3)
10. मद्यव्यसनी; शराब पीने वाला (3)
11. पहिया; चाक; भंवर; चक्कर (2)
12. कूटयुक्ति; चकमा; छल; भ्रम; विश्वासघात (2)
14. गरमी या परिश्रम के कारण शरीर से निकला पानी; स्वेद (3)
15. चारों झिल्लीदार पैरों वाला जीव; दिन में वृक्षों की डालों आदि में लटकने वाला जंतु जो रात के समय उड़ता है (5)
17. प्रसिद्ध; विख्यात (5)
19. सूंड; तुलसी (4)

**ऊपर से नीचे**
1. कालिख, कज्जल (3)
2. नागरमोथा; शहतूत का पेड़; सुपारी का वृक्ष (2)
4. कुछ लेने के लिए बच्चों की तरह हठ करना; लालायित होना; अड़ना (4)
5. ऊंची उड़ान भरवाना; कल्पनालोक में ले जाना; बड़े-बड़े ख्वाब दिखाना (3,3)
7. दुर्दशा में फंसना; विपत्ति पड़ना (3,1,3)
9. तंग करना; परेशान करवाना (2,4)
13. विकार उत्पन्न करना; खराब करना; बहकाना; पथभ्रष्ट करना; लत लगाना (4)
16. गीत; एक प्रकार का चलता गाना (3)
18. एक राशि; मछली (2)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविध विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 7510

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | थ | 2 रा | ना | ■ | 3 च | 4 क | रा | 5 ना |
| र्य | ■ | ख | ■ | 6 च | ■ | लं | ■ | प |
| 7 वे | दी | ■ | 8 सं | प | र्क | क | र | ना |
| क्ष | ■ | 9 पा | ■ | ल | ■ | ल | ■ | ■ |
| 10 क | त | र | न | ■ | 11 मं | ग | वा | 12 ना |
| ■ | ■ | क | ■ | 13 से | ■ | ना | ■ | ज |
| 14 ल | ह | र | मा | र | ना | ■ | 15 ज्ञा | न |
| लि | ■ | वा | ■ | ल | ■ | 16 दू | ■ | ख |
| 17 ता | रा | ना | थ | ■ | 18 सि | र | फि | रा |

### सुडोकू : 7495

* आसान

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | 8 | | |
| | 7 | | 6 | | | | 4 | 5 |
| 3 | | | | 2 | 9 | | | |
| | | 9 | 4 | | 1 | | 3 | |
| | | 1 | | 8 | | 2 | | |
| | 3 | | 2 | | 5 | 1 | | |
| | | | 9 | 6 | | | | 2 |
| 7 | 2 | | | | 3 | | 8 | |
| | | 5 | | | | | 1 | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 7494

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 7 | 8 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 1 | 2 | 8 | 9 | 7 | 3 | 5 | 4 | 6 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 9 | 1 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 8 | 2 | 9 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 6 | 4 | 5 | 7 |
| 7 | 6 | 4 | 1 | 5 | 9 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 1 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 | 6 | 5 |
| 9 | 8 | 5 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 |

### धांधली का आरोप लगाते हुए कई याचिकाएं दाखिल, नतीजों को दी चुनौती

# पाकिस्तान में आम चुनाव के नतीजों को अदालत में चुनौती

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में हुए आम चुनाव के नतीजों में धांधली का आरोप लगाते हुए इमरान खान की पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) ने अदालत में याचिका दायर की है। इसके अलावा पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी नतीजों को चुनौती दी है।

सबसे अधिक याचिकाएं लाहौर उच्च न्यायालय में दायर की गईं। लाहौर उच्च न्यायालय में दायर याचिकाओं में पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ और उनकी बेटी मरियम नवाज की जीत को चुनौती दी गई है।

ऐसी याचिकाएं दायर करने वालों में से अधिकांश लोग खान की पार्टी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार हैं। याचिकाकर्ताओं में पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री परवेज इलाही और उनकी पत्नी कैसर, खैबर पख्तूनख्वा के पूर्व वित्त मंत्री तैमूर झागरा और खैबर पख्तूनख्वा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष महमूद जान जैसे राजनीतिक नेता शामिल हैं। पूर्व रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की जीत को चुनौती दी गई है।



पाकिस्तान में रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) के कार्यालय के बाहर रविवार को प्रदर्शन करते पीटीआई समर्थक। • एएफपी

**ईवीएम होती तो ऐसा न होता:** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने कहा कि अगर ईवीएम का उपयोग होता तो गड़बड़ी नहीं होती।

**कई जगह प्रदर्शन :** जमीयत-उलेमा-ए-इस्लाम-फजल ने सिंध के पीएस-22 निर्वाचन क्षेत्र में चुनावी नतीजों में धांधली और बदलाव को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

# उपद्रवियों को सलाखों के पीछे भेजेंगे : सीएम धामी



हल्द्वानी में हिंसा



मुख्यमंत्री ने कहा- माहौल बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

**लोहाघाट, संवाददाता।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हल्द्वानी के वनभूलपुरा में हिंसा करने वाले एक-एक उपद्रवी को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। सीएम ने कहा कि देवभूमि का माहौल बिगाड़ने वालों को उनके कर्मों की सजा जरूर मिलेगी।

मुख्यमंत्री बनने के बाद धामी रविवार को लोहाघाट विधानसभा क्षेत्र में पहली बार रोड शो के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देवभूमि को दहलाने वालों को एक-एक करके सलाखों के पीछे पहुंचाया जा रहा है।

कुछ लोग हिंसा कराकर सरकार के कदमों को पीछे करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने साफ किया कि वह डरने वालों में से नहीं हैं। प्रदेश में अवैध कब्जों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सीएम ने कहा कि अफसरों को कड़े निर्देश दिए गए हैं, जहां भी अवैध कब्जे किए गए हैं उन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। कहा कि जिस तरह से हमारे पुलिस के जवानों और पत्रकारों को उपद्रवियों ने पीटा है, इसका हिसाब चुकता किया जाएगा।

**तुष्टीकरण की राजनीति कर विपक्ष ने प्रदेश को ठगा:** सीएम पुष्कर सिंह धामी ने लोहाघाट में संग्ज्यू कार्यक्रम में जनसभा के दौरान कहा कि विपक्ष ने सालों तक सत्ता में रहकर सिर्फ और सिर्फ तुष्टीकरण की राजनीति की है। महिलाओं को आगे बढ़ने से रोका है। वहीं भाजपा सरकार ने महिलाओं को हर क्षेत्र में शिखर पर पहुंचाया। सीएम धामी ने रामलीला मैदान से जनता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से ही वोट बैंक की राजनीति की। उनकी इस सोच से प्रदेश का विकास काफी पीछे छूट गया।

सीएम धामी ने कहा कि अब एक सरलीकरण और संतुष्टीकरण की सरकार है। जो आम जनता की परेशानियों को जानने के लिए गांव-गांव तक जा रही है। धामी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जनसभा और रोड-शो में उमड़ी भीड़ के लिए सीएम ने जनता का आभार जताया।

## देश-विदेश 30 S

### शिशु को गलती से ओवन में रखा, मौत

**कंसास सिटी।** अमेरिका के मिजूरी में एक मां ने अपने शिशु को सुलाने के लिए उसे पालने के बजाय गलती से ओवन' (खाद्य सामग्री बनाने या उन्हें गर्म करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला उपकरण) में रख दिया जिसके कारण उसकी मौत हो गई। कंसास सिटी की मारियाह थॉमस पर अपने बच्चे को खतरे में डालने के आरोप लगाए गए हैं।

### ईरान में मनाई गई इस्लामी क्रांति की वर्षगांठ

**तेहरान।** गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजरायल के हमलों को लेकर पश्चिम एशिया में व्याप्त तनाव के बीच ईरान ने रविवार को 1979 की इस्लामी क्रांति की 45वीं वर्षगांठ मनाई। हजारों ईरानी नागरिकों ने क्रांतिकारी और धार्मिक नारे लिखे झंडों, गुब्बारों और बैनर से सजीं सड़कों और चौराहों से होकर जुलूस निकाला।

### 80% अंग प्रत्यारोपण पुरुषों के हुए : बघेल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा कि 1995 और 2021 के बीच मृत और जीवित दाताओं के कुल 36,640 प्रत्यारोपण हुए। इनमें से 29,695 पुरुष और 6,945 महिलाओं में किए गए। 80 प्रतिशत से अधिक प्रत्यारोपण पुरुषों में किए गए। प्रत्यारोपण प्राप्त करने वाली महिलाओं की हिस्सेदारी 2019 में 27.6% बढ़कर 2022 में लगभग 30% हो गई।

### राजस्थान में उत्कल रंजन ने संभाला डीजीपी का पद

**जयपुर।** राजस्थान में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी उत्कल रंजन साहू ने रविवार सुबह पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) का कार्यभार संभाल लिया। साहू वर्ष 1988 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी हैं। इससे पूर्व उनके पास होमगार्ड का भी अतिरिक्त कार्यभार था। अब वह राजस्थान पुलिस की कमान संभालेंगे। उत्कल रंजन साहू मूल रूप से ओडिशा के रहने वाले हैं।

### किसानों की दशा सुधरेगी: उपराष्ट्रपति धनखड़

**मुंबई।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि कृषि उत्पादों का सही मूल्य मिलने से किसानों के जीवन में गुणात्मक सुधार आएगा। उपराष्ट्रपति महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत वर्तमान में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, अगले दो से तीन वर्षों में हम जर्मनी और जापान से आगे निकल जाएंगे।

### पंडित दीन दयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में शामिल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय को उनकी पुण्यतिथि पर रविवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी ने कहा कि उन्होंने भारतीय संस्कृति और विरासत को केंद्र में रखते हुए देश को आगे ले जाने का मार्ग प्रशस्त किया। भाजपा के अन्य नेताओं ने भी उपाध्याय को श्रद्धांजलि दी।



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में पंडित दीन दयाल उपाध्याय को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। • एएनआई

# अडानी पोर्ट्स को जलवायु कार्यों के लिए शीर्ष स्थान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने जलवायु कार्यों और पर्यावरण प्रदर्शन के लिए शीर्ष स्थान हासिल किया है। इसकी जानकारी रविवार को कंपनी के अधिकारी ने दी।

कंपनी के मुताबिक, चार वैश्विक रेटिंग एजेंसियों सीडीपी, एसएंडपी, सस्टेनलिटिक्स और मूडीज द्वारा इसका आकलन किया गया। कंपनी ने सीडीपी क्लाइमेट असेसमेंट- 2023 में 'लीडरशिप बैंड' हासिल किया। जबकि, एसएंडपी ग्लोबल सीएसए-2023 द्वारा परिवहन और परिवहन बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में 324 कंपनियों के बीच पर्यावरण आयाम पर उसे पहला स्थान मिला। कंपनी ने सस्टेनलिटिक्स द्वारा कम कार्बन संक्रमण रेटिंग पर समुद्री बंदरगाह क्षेत्र में शीर्ष रैंक भी हासिल की है। इसे मूडीज एनर्जी ट्रांजिशन रेटिंग में 'उन्नत' रेटिंग और अपने अंतिम अपडेट में समग्र ईएसजी मूल्यांकन और रणनीति समीक्षा में पहली रैंक भी प्राप्त हुई। बता दें, एपीएसईजेड विश्व स्तर पर विविधीकृत अडानी समूह का हिस्सा है और भारत में सबसे बड़ा बंदरगाह डेवलपर और ऑपरेटर है।

# सहयोग करे आयुष मंत्रालय : समिति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक संसदीय समिति ने आयुष मंत्रालय को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ सहयोग करने की सिफारिश की है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि स्वास्थ्य कर्मी एकीकृत प्रणालियों के महत्व को समझ सकें।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय से संबंधित संसदीय स्थायी समिति ने 'भारत में राष्ट्रीय आयुष मिशन की समीक्षा' रिपोर्ट को शुक्रवार को संसद में पेश किया। समिति ने रिपोर्ट में कहा कि सहयोग का उद्देश्य एक बहुलवादी स्वास्थ्य प्रणाली स्थापित करना है, जो आबादी की विविध आवश्यकताओं को पूरा करती है।

# आम चुनावों को कंजर्वेटिव पार्टी तैयार : ऋषि सुनक

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि देश में आम चुनावों के लिए कंजर्वेटिव पार्टी पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है।

सुनक का ये बयान ऐसे समय सामने आया है जब ब्रिटेन में इस साल के अंत में चुनाव हो सकते हैं। सुनक ने कहा कि वह इन चुनावों के लिए अपनी नीति पेश करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। एक साक्षात्कार में सुनक ने कहा कि आम चुनावों में पार्टी एक और कार्यकाल प्राप्त करने के लिए अपनी नीतियों को मतदाताओं के सामने पेश करेगी। इसके लिए पार्टी ने पूरी तैयारी कर ली है। उनके कार्यकाल में अर्थव्यवस्था सही दिशा में आगे बढ़ रही है और भविष्य में इसमें और बेहतरी होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत, सुधरती आर्थिक स्थिति को देखते हुए वह आम चुनाव में पार्टी की जीत को लेकर आश्वास्त हैं।

**सही दिशा में जा रहा देश:** सुनक ने कहा कि उन्होंने उस समय कमान संभाली थी जब देश की आर्थिक-राजनीतिक स्थिति सही नहीं थी, लेकिन अब इसमें सुधार हुआ है। देश सही दिशा में जा रहा है।

# हंगरी की राष्ट्रपति ने इस्तीफा दिया

**बुडापेस्ट, एजेंसी।** बाल यौन उत्पीड़न मामले में संलिप्तता के दोषी की सजा माफ करने को लेकर आलोचनाओं में घिरी हंगरी की राष्ट्रपति कैटालिन नोवाक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

नोवाक ने टेलीविजन पर प्रसारित एक संदेश में कहा कि वह राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देंगी। वह 2022 से इस पद की जिम्मेदारी संभाल रही थीं। नोवाक ने एक सरकारी बाल आश्रय में बाल यौन उत्पीड़न मामले से जुड़े सबूतों को छुपाने के एक दोषी की सजा अप्रैल 2023 में माफ कर दी थी। नोवाक के इस्तीफे के तुरंत बाद, हंगरी के पूर्व न्याय मंत्री जुडिट वर्गा ने भी सार्वजनिक पद से इस्तीफा दे दिया।

# 'मंत्रियों को सब्सिडी वाली बिजली नहीं'

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार को कहा कि राज्य के मंत्रियों, अधिकारियों और सरकारी कर्मचारियों को सब्सिडी वाली बिजली नहीं दी जाएगी।

सरमा ने कहा कि बिजली विभाग को तत्काल निर्देश दिया गए हैं कि मंत्रियों की कॉलोनी सहित सरकारी क्वार्टर में प्रीपेड मीटर लगाए जाएं। सरमा ने एक्स पर जानकारी दी कि हालिया संवाद के दौरान अधिकारियों ने बताया कि मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के वेतन से बहुत ही मामूली राशि बिजली बिल के मद में काटी जाती है। इसलिए अब उन्हें एब्सिडी वाली बिजली नहीं देने का फैसला किया गया है।

# ब्रिटेन में भारतीय ने पत्नी की हत्या का अपराध स्वीकारा

■ खुद पुलिस को सूचना दी, 26 अप्रैल को सुनाई जाएगी सजा

**लंदन, एजेंसी।** पिछले साल दक्षिण लंदन के एक घर में 19 वर्षीय पत्नी की हत्या के आरोपी भारतीय व्यक्ति ने अपराध स्वीकार कर लिया है।

29 अक्तूबर 2023 की शाम को महक शर्मा की हत्या के संदेह में साहिल शर्मा को दंपति के आवासीय पते क्रॉयडन के ऐश ट्री वे में घटनास्थल से गिरफ्तार किया गया था। मेट पुलिस के स्पेशलिस्ट क्राइम कमांड के डिटेक्टिव इंस्पेक्टर लौरा सेम्पल ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, गुरुवार को जब साहिल शर्मा किंग्स्टन क्राउन कोर्ट में हिरासत में पेश हुआ, तो उसने महक की हत्या का अपराध स्वीकार कर लिया। दोनों भारतीय नागरिक हैं। उसे 26 अप्रैल को उसी अदालत में सजा सुनाई जानी है।

साहिल शर्मा की हरकतों ने एक परिवार को तबाह कर दिया है। अपनी पत्नी की हत्या करके उसने उसके परिवार की प्यारी बेटी को उन कारणों से छीन लिया, जिनके बारे में केवल वही जानता है।

# कैंटर खाई में गिरा तीन लोगों की मौत

**पिथौरागढ़।** गंगोलीहाट-बेरीनाग मार्ग पर शनिवार रात एक कैंटर दुर्घटनाग्रस्त होकर दो सौ मीटर गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में वाहन चालक समेत तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो अल्मोड़ा और एक गंगोलीहाट का रहने वाला था।

पुलिस ने देर रात रेस्क्यू अभियान चलाकर दो शव खाई से निकाल लिए थे, जबकि एक शव रविवार सुबह बरामद हुआ। शनिवार देर रात बेरीनाग से एक कैंटर गंगोलीहाट की तरफ जा रहा था। बोरा आगर के समीप चालक गंगोलीहाट निवासी अजय कुमार नियंत्रण खो बैठे और कैंटर 200 मीटर गहरी खाई में गिर गया।

# 'रूस-भारत के संबंधों में दरार डालने की कोशिश'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने अमेरिका पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह भारत-रूस के संबंधों में दरार डालने की कोशिश कर रहा है। इसके लिए वह भारत पर प्रतिबंध लगाने की धमकी देकर संबंधों को खराब करना चाहता है।

डेनिस ने कहा कि उनका देश भारत का विश्वसनीय, पुराना और भरोसेमंद मित्र है। भारत में रूस को एक विश्वसनीय, ईमानदार और हर कसौटी पर खरे उतरने वाले मित्र के तौर पर प्रतिष्ठा मिली हुई है। हमने इस भरोसे को कई दशकों से कायम रखा हुआ है। ये छवि शुरू में भारतीय सामाजिक-आर्थिक विकास में यूएसएसआर के प्रमुख योगदान के कारण बनी और काफी हद तक आज भी कायम है।

रूसी दूत ने कहा कि यहां आने वाले अमेरिकी अधिकारी सीधे यह कहने में संकोच नहीं करते कि वे नई दिल्ली को मॉस्को से अलग करना चाहते हैं। वे प्रतिबंधों की धमकी दे रहे हैं। कुछ भारतीय साझेदारों को सावधानी बरतने के लिए मजबूर किया जाता है, लेकिन कई ऐसे लोग भी हैं जिनके लिए ऐसा नजरिया अस्वीकार्य है।

# पेटीएम सर्विसेज में चीन से एफडीआई की हो रही जांच

**शिकंजा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड की सहायक कंपनी पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज लिमिटेड (पीपीएसएल) में चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की जांच कर रही है।

पीपीएसएल ने नवंबर 2020 में भुगतान एग्रीगेटर के रूप में काम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पास लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। आरबीआई ने हालांकि नवंबर 2022 में पीपीएसएल के आवेदन को खारिज कर दिया और कंपनी को इसे फिर से जमा करने के लिए कहा, ताकि एफडीआई नियमों के तहत प्रेस नोट तीन का अनुपालन किया जा सके। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) में चीनी फर्म एंट ग्रुप कंपनी का निवेश है। इसके बाद कंपनी ने एफडीआई दिशानिर्देशों के तहत निर्धारित प्रेस नोट तीन का अनुपालन करने के लिए ओसीएल से कंपनी में पिछले निवेश के लिए भारत सरकार के साथ 14 दिसंबर, 2022 को आवश्यक आवेदन दायर किया।

# बीजेपी ने जारी की 14 उम्मीदवारों की सूची

**राज्यसभा चुनाव**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा ने रविवार को आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए 14 उम्मीदवारों की घोषणा की। उत्तर प्रदेश से सात नामों के अतिरिक्त उत्तराखंड से प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को प्रत्याशी बनाया गया है।

जिन केंद्रीय मंत्रियों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, उनमें से किसी का भी नाम सूची में नहीं है। ऐसी संभावना है कि उनमें से कई लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। हालांकि, अभी कई उम्मीदवारों का नाम घोषित होना बाकी है।

केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, जो राज्यसभा में कर्नाटक का प्रतिनिधित्व करते हैं और भाजपा मीडिया प्रमुख व उत्तराखंड से निवर्तमान सांसद अनिल बलूनी को नामांकित नहीं किया गया है। सूत्रों ने बताया कि दोनों को पार्टी लोकसभा चुनाव में उतार सकती है।

**सुशील मोदी का नाम नहीं:** उधर, बिहार से भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी नाम पार्टी द्वारा घोषित उम्मीदवारों में नहीं है। बिहार में छह रिक्तियां हैं और सत्तारूढ़ एनडीए और विपक्ष दोनों को अपनी मौजूदा ताकत के आधार पर तीन-तीन सीटें जीतने की संभावना है। भाजपा की सहयोगी जदयू एक सीट के लिए अपने उम्मीदवार का नाम घोषित कर सकती है। राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण कुर्मी जाति से आने वाले आरपीएन सिंह भाजपा में शामिल होने से पहले कांग्रेस में थे। हरियाणा भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सुभाष बराला राज्य से पार्टी के उम्मीदवार होंगे।

15 राज्यों की 56 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव 27 फरवरी को होने हैं। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 15 फरवरी है।

### सागरिका घोष समेत चार को राज्यसभा भेजेगी तृणमूल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में राज्यसभा की खाली हो रही पांच सीटों के लिए ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने रविवार को चार सीट पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। इनमें पत्रकार सागरिका घोष और पार्टी नेता सुष्मिता देव का नाम शामिल है। चुनाव 27 फरवरी को है। टीएमसी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट कर प्रत्याशियों के नामों का ऐलान करते हुए कहा, हमें आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए सागरिका घोष, सुष्मिता देव, मो. नदीमुल हक और ममता बाला ठाकुर के नाम का ऐलान करते हुए बेहद खुशी हो रही है।

# कैंडी में खुल सकता है आईआईटी कैंपस

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) का तीसरा अपतटीय परिसर श्रीलंका के कैंडी में स्थापित किये जाने की संभावना है। आईआईटी कैंपस के प्रस्ताव की घोषणा पिछले नवंबर में 2024 के बजट में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे द्वारा की गई थी।


सूत्रों के मुताबिक श्रीलंका सरकार इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए आईआईटी मद्रास के संपर्क में है। एक सूत्र ने कहा, भविष्य के रोडमैप पर चर्चा करने के लिए एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने हाल में चेन्नई परिसर का दौरा किया था। बातचीत जारी है और परिसर (श्रीलंका के) कैंडी शहर में स्थापित किये जाने की संभावना है।

# रूस की सेना ने यूक्रेन पर 45 ड्रोन हमले किए

**यूक्रेन रूस युद्ध**

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन की युद्ध कैबिनेट में फेरबदल के बीच रूस ने रविवार को यूक्रेन पर बड़ा ड्रोन हमला किया। अलग-अलग शहरों में 45 ड्रोन हमले हुए। यूक्रेनी वायुसेना ने दावा किया कि उसने इनमें से 40 ड्रोन को मार गिराया।

यूक्रेनी वायु सेना ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी कर कहा कि साढ़े पांच घंटे तक चले हमले में कृषि सुविधाओं और तटीय बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया। मायकोलाइव क्षेत्र में एक हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया। आसपास की आवासीय इमारतों को नुकसान पहुंचा। क्षेत्र के सैन्य प्रशासन के प्रमुख सेरही लिसाक ने कहा कि निप्रॉपेट्रोस क्षेत्र में एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। ये हमले तब हुए हैं जब ज़ेलेंस्की ने रूसी सेनाओं पर हमला करने के खिलाफ गति बनाए रखने के लिए सैन्य कमांडरों में बदलाव जारी रखा है।



यूक्रेन के खार्किव में रूसी हमले के बाद घर में लगी आग बुझाते कर्मचारी। • एपी

**पूर्व उप रक्षा मंत्री अलेक्जेंडर पावल्युक नए सेना प्रमुख :** राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रविवार को घोषणा की कि पूर्व उप रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल अलेक्जेंडर पावल्युक यूक्रेन की जमीनी सेना के नए कमांडर बनेंगे। यह पद पहले कर्नल जनरल ऑलेक्जेंडर सिर्स्की के पास था। नए राष्ट्रपति के आदेशों में यूक्रेन के समुद्री कोर के पूर्व प्रमुख यूरी सोडोल को यूक्रेन की संयुक्त सेना के कमांडर के रूप में नामित किया गया है। यूक्रेन के हवाई हमले बलों के कमांडर के रूप में जनरल इहोर स्किबियुक और मेजर जनरल इहोर प्लाहुता को यूक्रेन के क्षेत्रीय रक्षा बलों के कमांडर के रूप में नियुक्त किया गया।

**सहूलियत** | प्रधानमंत्री मोदी श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रम सिंघे और मॉरीशस के प्रधानमंत्री की मौजूदगी में आज सेवा की शुरुआत करेंगे

# श्रीलंका और मॉरीशस में भी यूपीआई से भुगतान करें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रीलंका और मॉरीशस में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) सेवाओं की शुरुआत होगी। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रम सिंघे और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ की मौजूदगी में मोबाइल आधारित डिजिटल भुगतान सेवाओं का शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा मॉरीशस में रुपे कार्ड भी लॉन्च होगा।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सोमवार को दोपहर एक बजे श्रीलंका और मॉरीशस में यूपीआई सेवाओं और मॉरीशस में रुपे कार्ड सेवाओं का शुभारंभ किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि भारत फिनटेक इनोवेशन और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में अग्रणी बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री ने हमारे विकास के अनुभवों और नवाचार को मित्र देशों के साथ साझा करने पर जोर दिया है। तीनों देशों के इस कदम को इसकी ही एक कड़ी के तौर पर देखा जा रहा है।

विदेश मंत्रालय के बताया कि श्रीलंका और मॉरीशस के साथ भारत के मजबूत सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के संबंधों को देखते हुए यह पहल महत्वपूर्ण है। यह लॉन्च श्रीलंका और मॉरीशस की यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों के साथ-साथ भारत की यात्रा करने वाले मॉरीशस के नागरिकों के लिए बेहद फायदेमंद रहेगा। भारत और मॉरीशस दोनों देशों में रुपे कार्ड का उपयोग भी शुरू होगा। इस लॉन्च से तेज और निर्बाध डिजिटल लेनदेन के अनुभव का लाभ तीनों देशों के लोगों को होगा। देशों के बीच डिजिटल कनेक्टिविटी बढ़ेगी।



**2023** में विक्रम सिंघे की दिल्ली यात्रा के दौरान यूपीआई की स्वीकृति को लेकर समझौता हुआ था

### फ्रांस में हाल ही में शुरू हो चुकी है यूपीआई पेमेंट सुविधा

इससे पहले, विगत दो फरवरी को फ्रांस की राजधानी पेरिस में आइकॉनिक एफिल टावर पर यूपीआई लॉन्च किया गया था। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों जब भारत दौरे पर आए थे, उस समय उन्होंने जयपुर में यूपीआई भुगतान की सहूलियत का अनुभव किया था।

बता दें कि जुलाई 2023 में विक्रमसिंघे की नई दिल्ली यात्रा के दौरान, भारत और श्रीलंका ने द्वीप देश में यूपीआई की स्वीकृति के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

# भाजपा नेताओं को ईडी का सामना नहीं करना पड़ा :पवार

**पुणे, एजेंसी।** वरिष्ठ नेता शरद पवार ने रविवार को दावा किया कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद से पार्टी के किसी भी नेता को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई का सामना नहीं करना पड़ा है।

निर्वाचन आयोग द्वारा हाल में उनके भतीजे अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को मूल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के रूप में मान्यता देने और पार्टी का चुनाव चिह्न घड़ी आवंटित करने पर शरद पवार ने कहा, देश में ऐसी स्थिति कभी नहीं देखी गई है। लोग ऐसे फैसले का समर्थन नहीं करेंगे।

# अधिकारी बता डीएसपी से शादी करने वाला दबोचा

**ट्रांस हिंडन, वरिष्ठ संवाददाता।** खुद को आईआरएस अधिकारी बता डीएसपी से शादी करने और तलाक के बाद भी उनके नाम पर लोगों से रुपये ऐंठने के आरोपी को थाना कौशांबी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी ने मैट्रीमोनियल साइट पर पीड़िता से संपर्क कर खुद को 2008 बैच का आईआरएस अधिकारी बताया। कहा था कि वह रांची में आयकर उपायुक्त के रूप तैनात है। वर्ष 2018 में उनकी शादी हुई, जिसके बाद पता चला कि पति ने 2008 बैच के आईआरएस अधिकारी जैसा ही अपना नाम होने का फायदा उठा धोखाधड़ी की। पीड़िता के अनुसार इसके बाद भी वह परिवार चलाने की कोशिश करती रहीं, लेकिन आरोपी, उसका भाई और पिता ने पहले उनके नाम पर ऋण लिया और फिर फर्जी हस्ताक्षर कर उनके खाते से 15 लाख रुपये निकाल लिए।

पीड़िता ने बताया कि तीन साल पहले उन्होंने आरोपी से तलाक ले लिया था, लेकिन इसके बाद भी वह उनके पुलिस में होने का फायदा उठा ट्रांसफर-पोस्टिंग के नाम पर लोगों से रुपये ऐंठता रहा। आरोपी दूसरी शादी करने के बाद भी फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाकर उनके और बच्चे के फोटो डालकर अश्लील और अशोभनीय टिप्पणी करता रहा।




# चीन सहित कई देशों में चंद्र नववर्ष पर जश्न

बीजिंग, एजेंसी। चीन समेत कई देशों में नए साल का जश्न अब शुरू हुआ है। वैसे तो अंग्रेजी नए साल का असर भी यहां दिखता है पर असली उत्सव इनके अपने नए साल पर होता है। इसे लूनर न्यू ईयर के नाम से जानते हैं। 10 फरवरी से चीन में समारोह की शुरुआत हो चुकी है।

### चांद की गणना पर आधारित

लूनर न्यू ईयर चांद की गणना पर आधारित नववर्ष है। यह मुख्यत: चीन का नववर्ष उत्सव है। यह त्योहार ताइवान, वियतनाम, मंगोलिया और दक्षिण पूर्व एशिया के देशों जैसे इंडोनेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, मलेशिया और थाईलैंड में भी मनाया जाता है।

### जानवरों से गहरा नाता

चीन के नव वर्ष का जानवरों से गहरा नाता है, क्योंकि चीन का राशि चक्र ही 12 जानवरों से मिल कर बना है। इसमें ड्रैगन को सबसे शुभ माना जाता है और 10 फरवरी से शुरू हुआ नया साल ड्रैगन वर्ष के रूप में ही मनाया जा जाता है।



10 फरवरी से चीन में समारोह की शुरुआत

बीजिंग में रविवार को ड्रैगन के चंद्र नव वर्ष पर ड्रैगन को छूने की कोशिश करते लोग।



चंद्र नववर्ष महोत्सव के दौरान शनिवार को लोग वियतनामी ड्रैगन को लेकर जाते हुए।

## तकनीक 30s

### स्पैम मैसेज लॉक-स्क्रीन से होगा ब्लॉक

व्हाट्सऐप ने नया अपडेट रिलीज किया है। इसकी मदद से यूजर सीधे लॉक-स्क्रीन के जरिए किसी स्पैम मैसेज को ब्लॉक कर सकेंगे। इसके लिए यूजर को फोन की अनलॉक करके ऐप ओपन करने तक की जरूरत नहीं पड़ेगी। जैसे ही यूजर को लॉक-स्क्रीन पर किसी अनजान नंबर से स्पैम या फिर फिशिंग मैसेज पॉप-अप होगा, वे उस मैसेज पर लॉन्ग-प्रेस करके कई विकल्प को एक्सेस कर सकेंगे। इसमें उस यूजर को डायरेक्टली ब्लॉक करने का विकल्प भी मौजूद होगा।

### गूगल का नया फ्रॉड प्रोटेक्शन फीचर जल्द

गूगल ने एन्हांस्ड फ्रॉड प्रोटेक्शन का ऐलान किया है। यह गूगल प्ले प्रोटेक्ट की मदद करेगा और यूजर को आर्थिक धोखाधड़ी से बचाने में मदद करेगा। गूगल आने वाले हफ्तों में सिंगापुर की साइबर सुरक्षा एजेंसीके साथ साझेदारी में सिंगापुर में यह सुविधा शुरू कर रहा है। कंपनी के मुताबिक यह फीचर उन ऐप्स की स्थापना का विश्लेषण करेगी और उन्हें ऑटोमैटिकली ब्लॉक करेगी जो वित्तीय धोखाधड़ी के लिए अक्सर दुरुपयोग की जाने वाली संवेदनशील रनटाइम परमिशन्स का उपयोग कर सकते हैं।

### गूगल मैप्स में मौसम की जानकारी

गूगल मैप्स ने एंड्रॉयड यूजर के लिए भी एक फीचर रोल आउट कर दिया है। यह यूजर को वर्तमान मौसम की स्थिति की जानकारी देगा। यह एक सर्वर साइड अपडेट है। इसके लिए यूजर को बस गूगल प्ले स्टोर से ऐप का लेटेस्ट वर्जन डाउनलोड करना होगा। रिपोर्ट के अनुसार, यह फीचर पिछले कई सालों से आईओएस यूजर के लिए मौजूद था। बॉक्स पर टैप करते ही एक टाइल दिखाई देगा, जो अधिक डिटेल देगा। इसके नीचे एक और सेक्शन मिलेगा, जो वर्तमान वायु गुणवत्ता को भी दिखाएगा।

### कई खूबियों के साथ आ रहा आईफोन 16 सीरीज

एप्पल की लेटेस्ट आईफोन 16 सीरीज का ग्राहक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक यह इस बार बड़े डिस्प्ले साइज, कैमरा लेआउट, बैटरी लाइफ और जनरेटिव एआई कैपेबिलिटीज इंटीग्रेशन के साथ यूजर का ध्यान आकर्षित कर सकती है। आईफोन 16 एपल की नेक्स्ट जनरेशन ए18 प्रो चीप को लेकर खास हो सकते हैं। इस चिप के साथ नए आईफोन को परफोर्मेंस और एफिशिएंसी के साथ और बेहतर बनाया जा सकता है।

# यूरिन परीक्षण से अंडाशय के कैंसर का पहले चरण में पता चल सकेगा

## अमेरिका में वर्जीनिया कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने किया दावा

सेहत

न्यूयॉर्क, एजेंसी। स्तन या पेट के कैंसर की तरह ही अंडाशय का कैंसर (ओवेरियन कैंसर) का फर्स्ट स्टेज में पता लगाना मुश्किल है। लेकिन शोधकर्ताओं ने दावा किया है कि यूरिन टेस्ट से ओवेरियन कैंसर के फर्स्ट स्टेज का पता लगाना संभव है। ओवेरियन कैंसर के मरीजों की जीवित रहने की दर केवल 35 प्रतिशत है। अमेरिका में वर्जीनिया कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटी में जोसेफ रेनर और उनके सहयोगियों ने इस पर शोध किया है। पिछले कुछ सालों में ओवेरियन कैंसर की बीमारी तेजी से फैल रही है।

शोधकर्ताओं ने कहा कि पिछले शोध से पता चला है कि ओवेरियन कैंसर से पीड़ित के मूत्र में हजारों छोटे अणु होते हैं, जिन्हें पेप्टाइड्स कहा जाता है। हालांकि पहले से मौजूद कुछ तकनीकों का उपयोग करके उन अणुओं का पता लगाना संभव है, लेकिन वे तकनीकें सीधे तौर पर प्रभावी नहीं है। लेकिन रेनर ने उन पेप्टाइड्स का आसानी से पता लगाने के लिए एक नया दृष्टिकोण खोजा है।



**50** से 70 वर्ष की महिलाओं में रोग के विकसित होने की संभावना

**35** प्रतिशत है ओवेरियन कैंसर के मरीजों की जीवित रहने की दर

### पेप्टाइड्स का पता लगाने में सक्षम

शोधकर्ताओं ने नैनोपोर सेंसिंग की ओर रुख किया। इसमें एक साथ कई पेप्टाइड्स का पता लगाने की क्षमता है। नैनोपोर सेंसिंग में अणुओं के गुजरने के दौरान अन्य गुणों में परिवर्तन को मापना शामिल है। नैनोपोर तकनीक का उपयोग के लिए रेनर ने गोल्ड नैनोकणों का उपयोग किया, जो छिद्र को आंशिक रूप से अवरुद्ध कर सकते हैं।

### 13 पेप्टाइड्स की पहचान की

शोधकर्ताओं ने कहा कि अध्ययन में 13 पेप्टाइड्स की पहचान की। इनमें एलआरजी-1 से प्राप्त पेप्टाइड्स भी शामिल हैं, वह ओवेरियन कैंसर के रोगियों के मूत्र में पाया जाने वाला एक बायोमार्कर है। रेनर ने कहा, अब हम जानते हैं कि वे अणु कैसे दिखते हैं। यह एक फिंगरप्रिंट की तरह है जो मूल रूप से हमें बताता है कि पेप्टाइड क्या है।

### लक्षण

ज्यादातर महिलाएं नजरअंदाज कर देती हैं, इसलिए अंडाशय का कैंसर ज्यादातर लेट स्टेज में पकड़ा जाता है। जबकि गर्भाशय का कैंसर ज्यादातर महिलाओं में पहली स्टेज में पकड़ा जाता है। पेट में दर्द, पेट बढ़ना, भूख न लगना और बार-बार पेशाब आना, मल त्याग की आदतों में बदलाव आदि ओवेरियन कैंसर के लक्षण है।

### कारण

ओवेरियन कैंसर होने की कोई एक वजह नहीं है. आमतौर पर यह शारीरिक गतिविधियों में कमी, खराब जीवनशैली, मोटापा, ब्रेस्ट कैंसर, ओवेरियन कैंसर होने की फैमिली हिस्ट्री हो तो महिलाओं में इसके होने की संभावना बढ़ सकती है। ओवेरियन कैंसर अधिकत्तर अंडाशय की बाहरी परत से पैदा होता है।

### जीवित रहने की दर में 50-75 प्रतिशत का सुधार

रेनर ने कहा, जिब कैंसर का शुरुआती चरण में पता चल जाता है तो 5 साल की जीवित रहने की दर में 50-75 प्रतिशत का सुधार होता है। उनका अंतिम लक्ष्य एक ऐसा परीक्षण विकसित करना है जो सीए-125 रक्त परीक्षण, ट्रांसवेजाइनल अल्ट्रासाउंड और भविष्य में प्रारंभिक चरण के ओवेरियन कैंसर का पता लगाने की सटीकता में सुधार कर सके।

# मंगल ग्रह पर 10 लाख लोगों को बसाएंगे मस्क

वाशिंगटन। अरबपति एलन मस्क ने रविवार को दस लाख लोगों को मंगल ग्रह पर भेजने की योजना की घोषणा की है। एलन मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, हम दस लाख लोगों को मंगल ग्रह पर ले जाने के लिए एक गेम प्लान तैयार कर रहे हैं। स्टारशिप अब तक बना सबसे बड़ा रॉकेट है, जो हमें मंगल ग्रह तक ले जाएगा।

एलन मस्क ने कहा कि एक दिन, मंगल ग्रह की यात्रा पूरे देश में एक उड़ान की तरह होगी। उन्होंने यह जवाब उन यूजर्स को दिया जिन्होंने लाल ग्रह पर स्टारशिप के लॉन्च के बारे में पूछा था। एलन मस्क ने बीते हफ्ते कहा था कि स्टारशिप को 5 साल से कम समय में चंद्रमा पर पहुंचने में सक्षम होना चाहिए। स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान अंतरिक्ष यात्रियों को आधी सदी से भी अधिक समय में पृथ्वी से सबसे दूर ले जाएगा। मंगल ग्रह पर रहने के लिए बहुत काम करना होगा। इसके अलावा, एलन मस्क ने जनवरी में कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि स्पेसएक्स अगले आठ वर्षों के भीतर लोगों को चंद्रमा पर भेजेगा।

# दावा : प्रशांत महासागर का तल टूट रहा

नई दिल्ली, एजेंसी। दुनिया के सबसे बड़े प्रशांत महासागर का तल टूट रहा है। टोरंटो विश्वविद्यालय के भू वैज्ञानिकों ने पाया कि जापान से न्यूजीलैंड तक समुद्र के अंदर टेक्टोनिक प्लेट्स टूटने से सैकड़ों किलोमीटर लंबे और हजारों मीटर गहरे भ्रंश (फॉल्ट) हो गए। नए अध्ययन में पता चला है कि इस परिवर्तन से प्रशांत की प्लेट खिसक रही है।

पृथ्वी के बाहरी खोल, जिससे हम लिथोस्फियर या स्थलमंडल कहते हैं, कई कड़क प्लेटों से बना है। यह प्लेट एक अर्द्धतरल पदार्थ के ऊपर तैर रही हैं। इस तरल पदार्थ को एस्थेनोस्फियर कहते हैं। इन प्लेटों की खास बात यही है कि ये इधर उधर दाएं बाएं यहां तक की एक दूसरे के ऊपर नीचे भी होती रहती हैं। अभी तक वैज्ञानिक सबसे ज्यादा ध्यान महाद्वीपों की प्लेटों पर देते थे, लेकिन इस अध्ययन में उन्होंने पाया है कि प्रशांत महासागर के नीचे पृथ्वी की सतह के अंदर बहुत सारी कड़क टेक्टोनिक प्लेट एक दूसरे से दूर खिंच रही हैं। साइंस अलर्ट की रिपोर्ट के अनुसार, भौतिक और पर्यावरण विज्ञान विभाग के शोधकर्ता एर्कन गन ने बताया कि हम यह तो जानते हैं कि यह फॉल्ट भूवैज्ञानिक विकृतियों से महाद्वीपीय प्लेट के अंदरुनी हिस्सों में होता है। लेकिन यह नहीं पता था कि समुद्री प्लेटों के साथ भी ऐसा होता है।



### कनाडा में प्रशांत तटों पर रिसाव देखा था

शोधकर्ता गन ने पश्चिमी प्रशांत महासागर के चार पठार, ओन्टोंगे जावा, शेट्स्की, हेस और मनिहिकी का अध्ययन किया है, जो जवाई, जापान, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया से घिरा हुआ एक विशाल क्षेत्र है। उन्होंने सुपर कंप्यूटर की मदद से एक मॉडल विकसित कर इन बदलावों का पता लगाया। अध्ययन जर्नल जियोफिजिकल रिसर्च में प्रकाशित हुए हैं। पिछले वर्ष भी वैज्ञानिकों ने कनाडा के प्रशांत तटों पर रिसाव देखा था।

# ओपनएआई प्रति दिन 100 अरब शब्द कर रहा तैयार

रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। चैटजीपीटी निर्माता ओपनएआई वर्तमान में प्रति दिन लगभग 100 बिलियन शब्द तैयार कर रहा है। इसका खुलासा सह-संस्थापक और सीईओ सैम ऑल्टमैन ने शनिवार को किया। वह चिप्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के भविष्य को नया आकार देने के लिए खरबों डॉलर की तलाश कर रहे हैं।

एक्स पर एक पोस्ट में ऑल्टमैन ने कहा कि मानवता द्वारा बड़ी संख्या में शब्द उत्पन्न करने के लिए उन्हें अधिक ग्राफिक्स-प्रोसेसिंग यूनिट्स (जीपीयू) की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, ओपनएआई अब प्रति दिन लगभग 100 बिलियन शब्द उत्पन्न करता है। पृथ्वी पर सभी लोग प्रति दिन लगभग 100 ट्रिलियन शब्द उत्पन्न करते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, ऑल्टमैन एक तकनीकी पहल के फंड के लिए यूएई सरकार सहित निवेशकों के साथ बातचीत कर रहे हैं जो दुनिया की चिप-निर्माण क्षमता को बढ़ावा देगा।

दक्षिण कोरियाई चिप निर्माता सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स और एसके हाइनिक्स दुनिया की उन कुछ कंपनियों में से दो हैं जो एआई प्रोसेसर के लिए तैयार प्रीमियम हाई बैंडविड्थ मेमोरी (एचबीएम) चिप्स का उत्पादन करती हैं। ग्लोबल एचबीएम मार्केट में उनकी संयुक्त बाजार हिस्सेदारी 90 प्रतिशत से अधिक तक पहुंच गई है।







मुद्रक तथा प्रकाशक राजीव बेओतरा द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड (एच एम वी एल) के पक्ष में हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड प्रेस, पाकेट-II, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ - 226010 (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड, पाकेट-II, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ - 226010 (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : शशि शेखर स्थानीय सम्पादक : सुनील द्विवेदी * दूरभाष : लखनऊ : पी.बी.एक्स. (0522) 2306201-06, 6663296, फैक्स- 2306220, सम्पादकीय- 2306209, प्रसार- 6663266, विज्ञापन- 2306218, रजि.नं. LW/N.P.- 227, आर.एन.आई. नं. 64319/1996
*सम्पादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अन्तर्गत उत्तरदायी।